Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -21,सोमवार,21 नवम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

*द्वेष बुद्धि को हम द्वेष से नहीं मिटा सकते,प्रेम की शक्ति ही उसे मिटा सकती है।*

*- विनोबा भावे-*

## संक्षिप्त खबरें



### भारत की सबसे लंबी ट्रेन विवेक एक्सप्रेस हफ्ते में 2 बार चलेगी

**गुवाहाटी ,20 नवम्बर 2022(ए)।** भारत की सबसे लंबी ट्रेन विवेक एक्सप्रेस, जो नौ राज्यों से होकर 4,189 किलोमीटर की दूरी तय करती है, अब असम के डिब्रूगढ़ से सप्ताह में दो बार चलेगी। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने कहा कि रेलवे प्राधिकरण ने डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ मार्ग पर चलने वाली विवेक एक्सप्रेस की आवृत्ति को साप्ताहिक से बढ़ाकर सप्ताह में दो बार करने का निर्णय लिया है।
विवेक एक्सप्रेस, जो पहले केवल डिब्रूगढ़ से शनिवार को चलती थी, अब 22 नवंबर से प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।
इसी तरह कन्याकुमारी से जो ट्रेन पहले गुरुवार को ही चलती थी, वह अब 22 नवंबर से प्रत्येक रविवार को अतिरिक्त रूप से चलेगी।

### मसाज वाले वीडियो पर बीजेपी के मनोज तिवारी ने आप से सवाल किया



**नई दिल्ली ,20 नवम्बर 2022(ए)।** दिल्ली भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल में मालिश करवाते हुए वीडियो को लेकर सवाल उठाया है। तिवारी ने कहा कि वीडियो पर आप की प्रतिक्रिया हास्यास्पद है। कुछ कह रहे हैं कि वह जैन चिकित्सा उपचार करा रहे हैं, कुछ कह रहे हैं कि फिजियोथेरेपी चल रही है। आप ने कहा कि वे अदालत जाएंगे कि वीडियो किसने जारी किया। केजरीवाल जी, सच्चाई सामने आनी चाहिए। अब हमें जवाब चाहिए आप से। सांसद ने यह भी दावा किया कि एक फिजियोथेरेपिस्ट ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी मालिश नहीं है और जेल परिसर में इसकी अनुमति नहीं है।
उन्होंने कहा, सत्येंद्र ने अदालत में साबित किया कि उसकी याद्दाश्त चली गई है, फिर भी मालिश करवाते समय वह कोई कागज पढ़ रहे हैं और जिसने उसे कागज दिया था, वह उससे कुछ चर्चा कर रहा है। सवाल यह है कि वह कौन सा कागज पढ़ रहे हैं? उस पेपर के बारे में भाजपा यह जानने की मांग कर रही है।

### कश्मीर मुठभेड़ में लश्करे तैयबा का आतंकी मारा गया

**श्रीनगर ,20 नवम्बर 2022(ए)।** जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग जिले में सेना के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक



आतंकवादी को मार गिराया गया। पुलिस ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर जब सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे तो आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। सेना ने जब जवाबी कार्रवाई की तो कुलगाम का लश्कर आतंकी सज्जाद तांत्रे को गोली लगी। उसे एसडीएच बिजबेहरा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मानसून सत्र में साफ होगा विपक्षी एकता का सही रूप

**» चुनाव परिणाम भी बनेंगे कारक**



**नई दिल्ली,20 नवम्बर 2022(ए)।** मानसून सत्र की शुरूआत 7 दिसंबर से हो रही है और दूसरे ही दिन गुजरात, हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के साथ-साथ दिल्ली एमसीडी के फैसले भी आने वाले हैं। इन तीनों चुनावों में समानता एक ही है- हर दल की लड़ाई भाजपा से है। भाजपा तीनों स्थानों पर सत्ता में है। जाहिर तौर पर भाजपा के लिए यह अहम है। छह महीने पहले जिस तरह उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में दोबारा सत्ता में आकर इतिहास रचा था, वैसा हुआ तो विपक्ष का नैतिक बल थोड़ा और कमजोर होगा। अगर स्थिति बदली तो विपक्ष उत्साहित तो होगा लेकिन विपक्षी एकता में खिंचाव भी तेज हो सकता है।
मानसून सत्र में विपक्षी एकजुटता को लेकर चल रही कवायद का सही रंग रूप दिख सकता है। हिमाचल प्रदेश में लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है। गुजरात में भाजपा और कांग्रेस के साथ साथ तीसरा खिलाड़ी आप है तो दिल्ली में मुख्य प्रतिद्वंद्विता भाजपा और आप के बीच है। यूं तो कांग्रेस और आप दोनों विपक्ष में है लेकिन इनके बीच आपसी खटास किस स्तर पर है यह सार्वजनिक है। गुजरात में आप कुछ सीटें पाने या छह फीसद वोट पाने में कामयाब हो जाती है तो उसे भी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा होगा।

**तृणमूल किसी का नेतृत्व मानने को नहीं है तैयार**

विपक्ष के बीच कांग्रेस, बसपा और माकपा को छोड़ बाकी सभी क्षेत्रीय दल हैं। यानी पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद विपक्ष में जो खुद को आगे करने की जो होड़ शुरू हुई थी वह एक कदम और आगे बढ़ती दिख सकती है। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की लगातार तीसरी जीत के बाद कुछ दिनों तक केंद्र में भी एकजुटता का नारा दिया गया था लेकिन उसके साथ ही यह संदेश देने की भी कोशिश शुरू हो गई थी कि तृणमूल किसी का नेतृत्व मानने को तैयार नहीं है। यह रुख राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव में मुखर होकर दिखा था।

**महाविकास अघाड़ी में तनाव जारी**

दो महीने पहले राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी तो कुछ विपक्षी साथियों में असहजता भी दिखी थी। अब जबकि यात्रा महाराष्ट्र में है तो वीर सावरकर पर राहुल के बयानों को लेकर महाविकास अघाड़ी में खिंचाव पैदा हो गया है। हिमाचल में अगर कांग्रेस की किस्मत खुली तो पार्टी दूसरे क्षेत्रीय दलों के दबाव से और भी बाहर आती दिखेगी। यानी फिलहाल विपक्ष ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां हर कोई खुद को मजबूत करने की जुगत में है। ऐसी स्थिति में मानसून सत्र की हर गतिविधि विपक्ष की नब्ज का संदेश देती दिख सकती है।

**अगले साल कर्नाटक में भी होने हैं चुनाव**

मालूम हो कि अगले साल मार्च अप्रैल में कर्नाटक जैसे अहम राज्य में चुनाव होने हैं और वहां भी आम आदमी पार्टी मैदान में होगी। तो पिछली बार सरकार गठन में कांग्रेस का साथ देने वाले जदयू पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव डोरा डाले बैठे हैं। राव केंद्रीय स्तर पर भी परोक्ष रूप से खुद को प्रोजेक्ट कर रहे हैं।

# आफताब ने मैदान गढ़ी के झील में फेंका था श्रद्धा का सिर





**नई दिल्ली,20 नवम्बर 2022(ए)।** श्रद्धा वालकर हत्याकांड की जांच कर रही दिल्ली पुलिस को हत्यारोपी आफताब पूनावाला से पूछताछ में कुछ अहम जानकारियां हाथ लगी हैं। इसी के मद्देनजर रविवार को पुलिस दक्षिण दिल्ली स्थिति मैदान गढ़ी में मौजूद एक झील को खाली करा रही है। सूत्रों की मानें तो आफताब ने श्रद्धा की सिर इसी सील में फेंका था। मौके पर नगर निगम की टीम पहुंच चुकी है और झील का पानी निकालने की कवायत में जुट गई है।

**पुलिस करा रही खाली**

पुलिस टीम को इस सनसनीखेज मामले में अहम सुराग हाथ लगा है। आफताब ने मैदान गढ़ी स्थित इसी तालाब में श्रद्धा का सिर फेंका था। जिसे खाली करने और श्रद्धा के सिर की तलाश में नगर निगम के कर्मचारियों के साथ पुलिस जुट गई है। मौके पर पानी बाहर निकालने की बड़ी-बड़ी मशीनें लगाई गई हैं। इससे पहले शनिवार सुबह दिल्ली पुलिस की एक टीम आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को लेकर मेटल डिटेक्टर के साथ गुरुग्राम गई थी। पुलिस ने कई घंटे डीएलएफ फेज-2 के खाली प्लॉट और जंगलों की खाक छानी। पुलिस को आशंका है कि वारदात में इस्तेमाल हथियार को आफताब ने यहां ठिकाने लगाया है, लेकिन पुलिस को कामयाबी नहीं मिली और दोपहर बाद उसे खाली हाथ लौटना पड़ा।
मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि छतरपुर पहाड़ी इलाके से जंगल बेहद नजदीक है, ऐसे में इस बात की ज्यादा संभावना है कि आफताब ने श्रद्धा की हत्या करने के बाद उसके शव के ज्यादातर टुकड़ों को महरौली के जंगल में ठिकाने लगाया हो। इसी वजह से पुलिस का फोकस महरौली इलाके में ज्यादा है। शनिवार सुबह 20-25 जवानों की टीम ने महरौली के जंगलों में जाकर तलाशी अभियान चलाया, लेकिन वहां से भी पुलिस को कुछ नहीं मिला।

**इन सबूतों को जुटाना जरूरी**

अभी तक पुलिस को वह हथियार नहीं मिला है, जिससे श्रद्धा के शव के टुकड़े किए गए थे। इसके अलावा श्रद्धा का मोबाइल फोन, उसके और आफताब के खून से सने कपड़े की बरामदगी भी नहीं हो पाई है। इसके अलावा जिस कटर से श्रद्धा के शव के टुकड़े किए थे उसे दिल्ली के कूड़ेदान में फेंक दिया। खून से सने कपड़ों को दिल्ली नगर निगम की कूड़े वाली गाड़ी में फेंक दिया था।

# मध्य प्रदेश में प्रवेश की कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

**मुंबई ,20 नवम्बर 2022(ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो यात्रा अपने महाराष्ट्र चरण के अंतिम दिन आज बुलढाणा जिले से आगे बढ़ी। महाराष्ट्र से यह पदयात्रा आज रात को मध्य प्रदेश में प्रवेश की।



भारत जोड़ो यात्रा आज को 74वें दिन में प्रवेश कर गई। यह पदयात्रा शनिवार को साईराम एग्रो सेंटर में रात्रि विश्राम के बाद आज सुबह छह बजे बुलढाणा के भेंडवल से फिर से शुरू हुई। राहुल से मिलने के लिए यात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे। इस दौरान कांग्रेस नेता ने उनसे बातचीत की। सोमवार को भारत यात्रियो के लिए विश्राम दिवस रहेगा। इस दिन राहुल गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करेंगे। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए एक और पांच दिसंबर को मतदान होना है। भारत जोड़ो यात्रा' सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। इसने सात नवंबर को महाराष्ट्र में प्रवेश किया था। लगभग दो हफ्ते में यह पदयात्रा राज्य के नांदेड़, हिंगोली, वाशिम, अकोला और बुलढाणा जिलों में 15 विधानसभा और छह संसदीय क्षेत्रों से गुजरी। राहुल ने यात्रा के महाराष्ट्र चरण में दो रैलियों को भी संबोधित किया।

# धनबाद में कोयला चोर और सीआईएसएफ के बीच मुठभेड़,चार की मौत,दो घायल

**रांची ,20 नवम्बर 2022(ए)।** झारखंड के धमबाद में सीआईएसएस और कोयला चोरो के बिच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान सीआईएसएस के जवानो ने 4 कोयला चोरो को मौत के घाट उतर दिया और वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। दोनों को धनबाद के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। घटनास्थल पर सीआईएसएफ के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बाघमारा थाना क्षेत्र के डेनिडीह कोल साइडिंग इलाके कि है। जब सुबह करीब साढ़े बारह बजे कोयला चोरी कर भाग रहे चोरों को सीआईएसएफ कर्मियों ने रोकने की कोशिश की। धनबाद पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन ने बताया कि चोरों ने सीआईएसएफ कर्मियों पर हमला किया, जिसके बाद उनकी ओर से भी जवाबी फायरिंग की गई। इसमें चार चोर मार गिराए गए तो वहीं दो घायल हो गए, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज जारी है। वहीं चारों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से सीआईसीएफ टीम ने 24 से अधिक बाइक जब्त की है।



### केरल नौका हादसे में मरने वालों की संख्या हुई चार

**तिरुवनंतपुरम ,20 नवम्बर 2022(ए)।** भरतपुझा नदी से रविवार को दो और शव मिलने के साथ ही केरल नाव हादसे में मरने वालों की संख्या चार हो गई है। मृतकों की पहचान अब्दुल सलाम और अबुबकर के रूप में हुई है। मलप्पुरम जिले के चमरावट्टम इलाके में शनिवार शाम भरथपुझा नदी में एक देशी नाव पलट गई थी। दो अन्य रुकिया और साइनाबा के शव शनिवार रात को ही नदी से निकाले गए थे।
बचाई गई महिलाएं बीवाथू और रसिया का अलाथियुर सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ हो रही हैं।
नाव में सवार छह लोग सीप बीनने गए थे और वहां से घर लौट रहे थे।

**गुजरात चुनाव से पहले बीजेपी की बड़ी कार्रवाई**

# 7 बागी नेताओं को पार्टी से किया सस्पेंड

**नई दिल्ली ,20 नवम्बर 2022(ए)।** गुजरात में पहले चरण के चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। 89 सीटों पर एक दिसंबर को चुनाव होना है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने पूरे दमखम के साथ प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है।



राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। सभी दलों ने बागी नेता भी निर्दलीय मैदान में हैं। इस बीच गुजरात बीजेपी ने बागी नेताओं पर बड़ी कार्रवाई की है। बीजेपी गुरात प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने पार्टी से बगावत करने वाले सात नेताओं को निष्कासित कर दिया है।
मीडिया रिपोर्ट की माने तो मधु श्रीवास्तव, अरविंद लादानी, दीनू पटेल, हर्षद वसावा, धवल सिंह झाला समेत 7 नेताओं को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। बता दें कि, गुजरात विधानवभा चुनाव 2022 में भाजपा ने अपने कई मौजूदा विधायकों के टिकट काटे हैं। इसको लेकर लगातार वो बागी होते जा रहे हैं। वहीं, अब सात नेताओं को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। ये कार्रवाई तब हुई जब दस दिन बाद गुजरात में पहले चरण का चुनाव होने जा रहा है।
गौरतलब है कि, गुजरात विधानसभा चुनाव दो चरणों में होगा। पहले चरण के लिए 1 और दूसरे चरण के लिए 5 दिसंबर को वोटिंग होगी, जबकि 8 दिसंबर को चुनाव के परिणाम आएंगे।

# दिल्ली में गैंगस्टर जितेंद्र गोगी के चार शार्पशूटर गिरफ्तार किए गए

**नई दिल्ली ,20 नवम्बर 2022(ए)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रविवार को कहा कि उसने मारे गए गैंगस्टर जितेंद्र गोगी के चार शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है, जो हत्या और जबरन वसूली सहित दो दर्जन आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे थे। आरोपियों की पहचान अमन, प्रदीप, रोशन और अंकित के रूप में हुई है।
डीसीपी राजीव रंजन सिंह ने कहा कि एसीपी संजय दत्त और उनकी टीम चारों आरोपियों के बारे में एक गुप्त सूचना पर काम कर रही थी।
डीसीपी रंजन ने कहा, 16 नवंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि अमन और रोशन कुछ आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भीकाजी कामा पैलेस आने वाले हैं। तभी एक टीम को तुरंत इलाके में भेजा गया। पुलिस ने वहां देखा कि अन्य दो आरोपी भी वहां मौजूद थे। चारों अलग-अलग दोपहिया वाहनों पर आए थे, सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।



पूछताछ में खुलासा हुआ कि जुलाई माह में अमन ने अपने साथी मुख्तार के साथ मिलकर बिंदापुर क्षेत्र में कपिल नाम के शख्स पर फायरिंग की थी।
कपिल की गर्दन पर गोलियां लगीं लेकिन वह बच गया। तब से अमन फरार चल रहा था।
अप्रैल 2017 में अमन और कपिल के बीच दुश्मनी चल रही थी, तभी उसके साथियों ने मुस्तफा की हत्या कर दी थी, जो अमन का बहुत करीबी दोस्त था और मुख्तार का बड़ा भाई था।
जब वह भाग रहा था, तब अमन ने रोशन और अंकित के साथ मिलकर डकैती करने के लिए एक दोपहिया वाहन चुराया।
आरोपियों ने दिल्ली छावनी में राकेश वर्मा की सोने की चेन छीनने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। तीनों ने पंकज को भी मार दिया, जिसका रोशन की पत्नी के साथ अफेयर चल रहा था।
पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि कई बार उन्होंने अवैध शराब तस्करों और जुआरियों पर गोलियां चलाईं और पैसे वसूले, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया क्योंकि कोई शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आया।

# निशाना बनाए जाने के भय से जमानत देने से कतराते हैं जज

**कानून मंत्री की मौजूदगी में कहा सीजेआई चंद्रचूड़ ने...**



**नई दिल्ली ,20 नवम्बर 2022(ए)।** भारत के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जघन्य मामलों में जमानत देने के लिए टारगेट किए जाने के डर से जमीनी स्तर पर जज जमानत देने से हिचकते हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के एक सम्मान समारोह में चीफ जस्टिस ने ये बात कही। इस मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद थे।

**ऊंची अदालतों पर बढ़ जाता है दबाव**

कार्यक्रम में अपराधियों को जमानत देने के मुद्दे पर बात करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा, 'जमीनी स्तर पर जज जमानत नहीं देते। इस वजह से जमानत याचिकाओं की उच्च अदालतों में बाढ़ सी आ जाती है। ऐसा नहीं कि जमीनी स्तर पर जज अपराध को नहीं समझते। लेकिन वो जघन्य मामलों में जमानत देने के लिए निशाना बनाए जाने के डर की वजह से ऐसा करते हैं।

**ऊंची अदालतों के बराबर हैं डिस्ट्रिक्ट कोर्ट**

सीजेआई ने कहा- डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी में बहुत सुधार की गुंजाइश है। सबसे पहले हमें उसके लिए सम्मान की भावना लानी होगी। मैं हमेशा कहता हूं कि डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी छोटी नहीं है। यह नेशनल ज्यूडिशियरी में वही महत्व रखती है, जो हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का है। एससी बड़े फैसले कर सकता है, लेकिन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट उन छोटे-छोटे मामलों को निपटाता है, जो आम नागरिकों को शांति, खुशी और विश्वास देते हैं।

**रिजिजू ने वकीलों के ट्रांसफर मुद्दे पर जताई चिंता**

इस मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद थे। उन्होंने तबादलों को लेकर सीजेआई से मिलने वाले कई वकीलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, मैंने सुना कि कुछ वकील ट्रांसफर मामले को लेकर सीजेआई से मिलना चाहते हैं। अब भले ही यह मुद्दा हो, लेकिन अगर आप अलग से देखें तो यह कई मुद्दों में एक मुद्दा हो। लेकिन अगर यह कॉलेजियम के हर फैसले, जिसका सरकार समर्थन करती रहती है, पर बार-बार होने वाली घटना हो जाए तो यह कहां ले जाएगी। ऐसे में, पूरा आयाम ही बदल जाएगा।'.

**मौलिक अधिकारों के प्रति संवेदनशील हैं चंद्रचूड़**

गौरतलब है कि जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ 9 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनें। उनका कार्यकाल 10 नवंबर 2024 तक रहेगा। सीजेआई चंद्रचूड़ ने मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित का स्थान लिया जो इस दिन रिटायर हुए।
जस्टिस चंद्रचूड़ देश के प्रगतिशील और उदार न्यायाधीश के रूप में जाने जाते हैं। उन्हें नागरिकों के मौलिक अधिकारों के प्रति भी बहुत संवेदनशील माना जाता है और जस्टिस चंद्रचूड़ की सबसे बड़ी खासियत अपराधियों के प्रति उनके सख्त रवैये के लिए जानी जाती है। 11 नवंबर 1959 को जन्मे जस्टिस चंद्रचूड़ को 13 मई 2016 को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। वह 31 अक्टूबर, 2013 से सुप्रीम कोर्ट में अपनी नियुक्ति तक इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे। वो 1998 में भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल भी रह चुके हैं।

# संपादकीय

## सिफर नतीजे का सम्मेलन

ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है। वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है। दुनिया खेमों में बंट रही है। तब क्या जी-20 की ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिस कारण यह एक महत्त्वपूर्व समूह बना था?
इंडोनेशिया के बाली हुए जी-20 शिखर सम्मेलन का सार यही रहा कि नई बनी विश्व परिस्थितियों में ये मंच अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। ये बात ध्यान में चाहिए कि जी-20 में देशों को उनकी अर्थव्यवस्था के आकार के आधार पर शामिल किया गया था। यानी यह मुख्य रूप से आर्थिक मंच है। इस समूह की पहचान 2008 की वैश्विक मंदी के समय और उसके बाद बढ़ी, जब इसके सदस्य देशों ने मिल कर दुनिया को उन हालात से उबारने के साझा प्रयास किए। अब जबकि बाली में इन देशों के नेता मिले, तो उस समय एक बार फिर खाद्य और ऊर्जा संकट, महंगाई और उसके कारण मंदी के बनते हालात दुनिया के सामने हैं। ऐसे में इस समूह से यह अपेक्षा उचित होती कि एक बार फिर इसके सदस्य देश दुनिया को राहत पहुंचाने के साझा कदम उठाएंगे। लेकिन यह अपेक्षा सम्मेलन शुरू होने से पहले ही चूक गई, जब पश्चिमी देशों ने इस मंच से रूस को निकालने की कोशिश की और उधर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को घेरने और उस पर प्रतिबंध लगाने के कई एलान कर दिए। ऐसे में बाली कोई आम सहमति बनती, इसकी गुंजाइश कम थी।
जाहिर है, वहां सारा ध्यान नेताओं की द्विपक्षीय मुलाकातों पर टिका रहा। जबकि शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध जैसे महत्त्वपूर्ण मसले पर कोई सार्थक विचार होने के बजाय इस पर मतभेद उभर कर सामने आते रहे। इसकी झलक बाद में जारी बाली घोषणापत्र में भी देखने को मिली। तो कुल सूरत यह उभरी जब ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है, इस कारण वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है और दुनिया खेमों में बंट रही है, तब पुरानी परिस्थितियों में बना मंच अनौपचारिक चर्चाओं के लिहाज से भले उपयोगी हो, लेकिन उसकी कोई ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिसकी वजह से यह एक महत्त्वपूर्व समूह बना था। इसलिए संभव है कि आने वाले वर्षों में जी-20 के बजाय दुनिया का ध्यान जी-7, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे देशों के शिखर सम्मेलनों पर अधिक टिके। उन मंचों में कम से कम एक बात अवश्य है कि वहां आने वाले देशों में हितों की समानता है, जिससे उनके बीच वैचारिक सहमति की भी अधिक गुंजाइश बनी हुई है।

# अनुशासनहीनता:बच्चों को सिखायें संस्कृति

भारतीय समाज में आने वाली पीढ़ियां ना जाने किस और जा रही है और आने वाला समय ना जाने किस मोड़ पर बच्चों को ले जाएगा। कई बार ऐसा होता है यदि बच्चे पढ़ाई लिखाई में कमजोर है और उनके रिपोर्ट कार्ड में अंक कम आते हैं तो माता-पिता गुस्से में अपने बच्चें को पीट देते हैं, जिसकी वजह से बच्चे कुंठा के कारण उद्दंड हो जाते हैं। यदि आप माता-पिता उसे प्रेम से सही गलत का फर्क बताएं तो बच्चे समझेंगे, यदि उनकी पिटाई कर दी जाएगी तो बच्चा अत्यधिक दबाव में आ जाएगा। आजकल काफी बच्चें मोबाइल पर आने वाली रील्स के पीछे भाग रहे हैं उस में आने वाले अश्लील चित्र देख बच्चें गलत हरकतें सीख रहे हैं। आज जो समाज में हर जगह गलत हो रहा है उसका एक कारण यही है कि बच्चे अनुशासन में नहीं रहते हैं और यह बड़े होकर गलत कार्य करते हैं इन पर रोक लगनी चाहिए।
यदि बच्चों से कुछ धार्मिक चीजों में किसी पात्र के नाम पूछे जाए तो वह नहीं बता पाते हैं, उन्हें किसी प्रकार की वेदों का ज्ञान नहीं होता है। ना ही यह बच्चें अपनी गलतियों को मानने को तैयार है, जिसकी वजह से समाज में फैलती हुई बच्चों की अनुशासनहीनता उन्हें गलत राह पकड़ने पर मजबूर कर रही है। अक्सर बच्चे हिंसात्मक चीजों को सामने होता हुआ देखते हैं जिसका असर उनकी मानसिकता पर पड़ता है और वह सबसे अलग-थलग रहने लगता है और उसके अंदर जन्म लेती है गलत भावना। जब बड़े बच्चों पर हाथ उठाते हैं तो वह बच्चें भी वही चीज सीख लेते हैं और जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तो यह अपने भाई-बहनों पर भी हाथ उठाते हैं जिसका माता-पिता माता पिता विरोध करें तो यह माता-पिता और बीवी बच्चे सुनते नहीं है।
बच्चों को परिवार के नियम सिखाए जाने चाहिए, उन्हें मारने की जगह बातों से समझाएं। बच्चों की पढ़ाई लिखाई का स्तर ऐसा बनाएं कि बच्चे हर छोटी से छोटी चीजों का ज्ञान प्राप्त कर सकें। यदि बच्चा अनुशासित रहेगा तो गलतियों की नौबत नहीं आएगी, ना ही माता-पिता को हाथ उठाना पड़ेगा। यदि बच्चा देर तक मोबाइल में रहता है तो उसे रोक देना चाहिए, देर रात तक जो बच्चें बाहर घूमते हैं उनका समय माता-पिता को निश्चित कर देना चाहिए। बहुत छोटी उम्र के बच्चों को नमस्कार कहना सिखा देना चाहिए आदर भाव की भावना बच्चे के मन में होनी चाहिए। बात-बात पर गलती करने वाले बच्चें अक्सर माता-पिता के क्रोध का शिकार होते हैं। ऐसे में वह अपने माता-पिता को दुश्मन समझ बैठते हैं, उन्हें लगता है कि हमारे माता-पिता को कोई फर्क नहीं पड़ता है हमारी तकलीफों से और फिर वह अपने माता-पिता को पलट कर जवाब देना सीख जाते हैं और किसी के सामने भी उनका अपमान करने से नहीं चूकते हैं। भावनात्मक रूप से आहत बच्चे ऐसा जरूर से करते हैं इससे माता-पिता का बच्चों के साथ रिश्ता कमजोर हो जाता हैं। रिश्तों की कमजोर होती डोर बच्चों के बौद्धिक विकास को प्रभावित करती है। बच्चों के मानसिक विकास के लिए और उनको शिक्षित करने के लिए परिवार के कायदे कानून अवश्य सिखाएं। बच्चों की प्रतिक्रिया और उसकी किसी बात पर रुचि ना होने पर उन्हें समझाने का प्रयास करें। अगर बच्चें से कोई गलती हो जाए तो उसे नजरअंदाज ना करें उन्हें आघात देने वाली सजा न दे, उन्हें गलती होने पर एहसास कराएं इसके लिए आप बच्चों से बात करना कम कर सकते हैं और बच्चे से ध्यान थोड़ी देर के लिए हटा सकते हैं ताकि बच्चे को यह लगे जो उसने किया है वह गलत कार्य किया है। इसलिए माता-पिता उनसे नाराज है बच्चों को केवल गलती का एहसास कराना चाहिए ना कि उसे प्रताड़ित करें। मार खाने से बच्चें असामाजिक बनते है, बच्चों की उद्दंडता पर लगाम जरूर लगाएं और अपने बच्चों को अनुशासन हीनता से बचाएं।



हर विषय का ज्ञान बच्चों को होना जरूरी है हिसाब किताब से लेकर घर के कामों की जिम्मेंदारी बच्चों पर जरूर डालें ताकि बच्चें जिम्मेंदार बने। गैर जिम्मेदार होने से बच्चों में कार्य करने की क्षमता घट जाती है और वो आलसी हो जाते हैं। खेलकूद का समय निश्चित कर दीजिए, पढ़ाई लिखाई पर ध्यान उनका ज्यादा केंद्रित करें ।हमारी भारतीय संस्कृति के बारे में बच्चों को अच्छी-अच्छी किताबे पढ़ने को दे तथा कहानियां सुनाएं ताकि बच्चे बड़े होने पर इन सब का ज्ञान अर्जित कर सके ।बच्चों के साथ भावनात्मक रूप से माता-पिता को जुड़ना चाहिए क्योंकि अच्छे बुरे का संस्कार माता-पिता देते हैं। स्वस्थ समाज का निर्माण तभी हो सकता है जब बच्चें शिक्षित हो और स्वयं की जिम्मेदारी उठा सके।



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर
उत्तर प्रदेश

## नेता जी



प्रिया देवांगन
प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

चर्चा होती रोज जी, आये यहाँ चुनाव।
हाथी पंजा छाप ले,खड़े शहर अरु गाँव।।
खड़े शहर अरु गाँव, लुभावन देते सारे।
हाथ पाँव को जोड़, नयन से करे इशारे।।
घूम घूम हर द्वार, बाँटते हैं जी पर्चा।
जब तक ना हो जीत, यहाँ होती है चर्चा।।
नेता बनने का सफर, चलता सालों साल।
जशन मनाते जीत की, होते मालामाल।।
होते मालामाल, भूलते हर इक वादा।
जीते हैं अलमस्त, पहन कर कुर्ता सादा।।
भ्रष्टाचारी नाव, बैठ कर उसको खेता।
चिकनी चुपड़ी बात,फँसा कर बनते नेता।।

## आगे बना है गर भाई



उदय किशोर साह
जापुर बाँका
बिहार

आगे बढ़ना है गर भाई
मत देखो पीछे परछाई
सामने ही मंजिल मिलता है
जो चलता है वो पाता है
सामने वाले को तुम देखो
पीछे को पीछे ही भेजो
एक दिन मंजिल मिल जायेगा
फर्श से अर्श पहुँच जायेगा
डर कर मत बैठो तुम घर में
चलना है सागर के सीने में
सागर गर्जन कर गर डरा जाये
आगे बढ़ हिम्मत ना चूर हो पाये
तुफान भी कुछ कर ना पायेगा
हिम्मत से गर काम कर पायेगा
अपनी जिद् पर कायम है रहना
पथ की कॉटे का दर्द है सहना
साहस की ताकत आजमाओ
मंजिल को पैरों के नीचे दिखलाओ
निराशावादी जीवन ना जीना
आशावादी बन कर चलना
जिसने पथ का राही बन आया
मंजिल को निश्चय ही वो पाया
अंधेरी रात अगर डरा जाये
सुबह की किरण को रोक कब पाये
कठिन राह पर हॅस कर चलना
विपरीत परिस्थिति को भी है झेलना

## भोले से मिल आए



कार्तिकेय कुमार
त्रिपाठी राम
गांधीनगर,
इन्दौर,मध्यप्रदेश

मुलक रहे हैं सूरज ऐसे,
भोले से मिल आए जैसे,
छिटक रही थीं किरणें ऐसी,
धरा बन गई दुल्हन जैसी।
मुलक रहे हैं .....
टेसू के थे फूल दहकते,
रात चांदनी मोगर महके,
भोले के जीवन में दर्शन,
मन मेरा कोयल-सा चहके।
मुलक रहे हैं ....
शिखरों से हिम फूल-सी बिखरे,
धरा के कण-कण भी बतियाएं,
मंद हवा कानों में जाकर,
मधुर-मधुर-सी लोरी गाए।
मुलक रहे हैं ....
बिन भोले जीवन कोरा है,
भक्ति गुणों से रंग भर दें,
आना-जाना तो चलता है,
भोले से मन लगा रहे।
मुलक रहे हैं .....
कर्म फलों में जो भोले को,
सबसे पहले रखता है,
वही धरा पर अपना जीवन,
मुस्कानों से भर सकता है ।
मुलक रहे हैं ...

## प्यार एक दिखावा

प्यार जितना खूबसूरत होता हे उतना हि खतरनाक भी होता हे किसी अजनबी पर भरोसा करना कितना खरतनाक साबित हो सकता हे हाल हि में हुई घटना के बारे में सोचकर दिल दहला देने वाला नजारा आँखों के सामने खड़ा हो जाता हे श्रद्धा अगर उस राक्षस जैसे वृत्ति के आदमी पर भरोसा न करके अपने परिवार वालों से एक बार करती उन्हें अभताब के बारे में बताती तो आज वो जिन्दा होती किसी भी लड़की को किसी अनजान लडके से बात करने से पहले इस घटना के बारे में जरूर सोचना चाहिए कोई भी अजनबी व्यक्ति की भोली भाली बातो में न आकर फिरसे श्रद्धा की कहानी न दोहरायी जाये में ये नहीं कहूँगी की प्यार न करें प्यार करें लेकिन वो व्यक्ति कोन हे कहाँ रहता हे इसके बारे में अपने नजदीकियो से जरूर कहे सबकी सहमति से उस व्यक्ति मोका दे क्यों की माँ बाप जो भी करते हे बच्चो के भलाई के लिए हि करते हे श्रद्धा के माँ बाप को उसका अंतिम संस्कार भी करण नसीब नहीं हुआ क्या बीती होगी उस माँ बाप पर जिन्होने अपनी बेटी को पढ़ाया लिखाया इतना काबिल बनाया और आज वही उनको छोड़ कर किसी परायी व्यक्ति पर भरोसा कर चली गई उसे माँ बाप से ज्यादा उस अनजान व्यक्ति पर ज्यादा विश्वाश था जिसने उसके शरीर के न जाने कितने टुकड़े करके शहर क्रिन क्रिन जगह में भेंके शायद उसको भी नहीं पता आज की हर लड़की को माँ बाप को छोड़ जाने का कभी सोचना भी नहीं चाहिए क्यों की कोन कब धोका दे तुम्हे खुद पता नहीं चलेगा जो भी निर्णय लें सबकी राय अवश्य लें सोशल मिडिया पर किसी अनजान व्यक्ति से ज्यादा बाते करना भी हानिकारक हो सकता हे हर लड़की को सावधानता बरतनी होगी......



कु. कविता
चव्हाण,
जलगांव, महाराष्ट्र

## राजनीति में भाषा संयम

पिछले दिनों पश्चिम बंगाल के एक तृणमूल के मंत्री ने आदरणीय महामहिम राष्ट्रपति के शक्ल सूरत पर अभद्र टिप्पणी की है । भारत में रंग को लेकर जो चेतना है, वह विदेशों में और यहां तक दक्षिण पूर्व एशिया के दूसरे देशों में नहीं है । रोज भारत के अखबार जो मेट्रोमोनियल विज्ञापन छपते हैं, उनमें वधु का गोरी होना एक अनिवार्य शर्त है । अमरीका में व्हाइट अमेरिकन काली अफ्रीकी लड़कियों से डेटिंग और शादी भी करते हैं । भारत के पड़ौस में श्रीलंका में कोई रंग-भेद नहीं है । परन्तु भारत, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश में लड़की का गोरे रंग से सुन्दर होना उसका एक आवश्यक गुण माना जाता है ।
परन्तु हम बात भारत में राजनैतिक नेताओं के बिगड़े बोल के लिए कर रहे हैं । अभी हाल में तेलंगाना में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें लोग ढेरों गालियां देते हैं । उनका कहना था कि कोई तेलंगाना के लोगों को गाली देने का साहस न करे । अब यदि किसी ने प्रधानमंत्री को गाली दी थी तो भाजपा प्रवक्ता उस पर मुकदमा ठोक देते । बुद्धिजीवियों का मानना है कि यह प्रधानमंत्री का गुजरात चुनाव में विकटम कार्ड है । यूं आकलन के अनुसार गुजरात में भाजपा ही विजयी होगी । हां आप पार्टी बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रमुख विपक्षी पार्टी हो सकती है, गुजरात में । कांग्रेस तो साफ है । असल में सोनिया जी ने मोदी जी को मौत का सौदागर कहा था । यह शायद शिष्टता की पराकाष्ठा है । पर मोदी जी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के लिए राज्यसभा में कहा था कि बरसाती पहन कर नहाने की कला कोई डाक्टर साहब से सीखे ।

-अजय दीक्षित-

## तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा

# आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें

**वर्तमान आधुनिक प्रौद्योगिकी डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर,सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है**

**जीवन में हम जैसा सोचते हैं, वैसा हमारा मन हो जाता है,जो सशक्त और शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास आशा और सुंदर विचारों को रखें**



एडवोकेट
किशन
सनमुखदास
भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनिया में भारत मान्यताओं कहावतों, पुराणों पंक्तियों, धार्मिक गाथाओं बलि रीति रिवाजों अंकगणित के अंकों सहित अनेक सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर आदि अनादि काल से चलता आ रहा है। पौराणिक काल से ही भारत में यह प्रथाएं चलती आ रही है। परंतु हम कुछ दशकों से देख रहे हैं कि, अनेक कुप्रथाओं और नकारात्मक सोच वाली कुछ गतिविधियों पर शासकीय स्तरपर कानून बनाकर, या कुछ प्रथाओं को सामाजिक व्यक्तिगत या घरेलू स्तरपर बंद करने की कोशिशें की गई है। परंतु अभी भी कुछ कुप्रथाओं या विपरीत नकारात्मक सोच शुरू है जिन्हें शासकीय या सामाजिक स्तरपर बंद नहीं किया जासकता। केवल जनता जनार्दन द्वारा जन जागरण अभियान चलाकर ही बंद किया जा सकता है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण कहावत 3 और 13 के आंकड़े की है, जिसे अशुभ माना जाता है हालांकि इन आंकड़ों के कई सफलताओं की गाथाओं में से सबसे अच्छा उदाहरण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन में 3 और 13 का महत्व है। उनकी राजनीत सफलताओं में 13 मई 1996 को पहली बार पीएम की शपथ लिए, 13 दिन बाद सरकार गिरी, दोबारा 13 महीने बाद पीएम बने, तीसरी बार पीएम बने तो 13 दिनों की साझा सरकार थी। 13 अप्रैल 1999 को शपथ ली तो पूरे 5 साल चली। 2004 के चुनाव में 13 अप्रैल को ही नामांकन भरा, इस प्रकार 13 का आंकड़ा उनके जीवन में साए की तरह चलता रहा। इन आंकड़ों के अनेक सफलताओं के भावों को देखा जा सकता है। इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ मन को सकारात्मक सोच नहीं ढालें।
साथियों बात अगर हम तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत की करें तो, वर्तमान आधुनिक प्रौद्योगिकी डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। हम 3 या 13 के आंकड़े से डरते हैं या उससे दूर भागने की कोशिश करते हैं, अशुभ मानते हैं परंतु हम अगर तीन के सकारात्मक दृष्टिकोण और अपने मन को सकारात्मक सोच में ढालें तो सफलता की गाथाएं हमारे जीवन से जुड़ जाएगी।
साथियों बात अगर हम 3 पर सकारात्मक सोचकी करें तोइसके पीछे की सच्चाई यह है कि कुछ लोग हमको अंधविश्वास में विश्वास दिलाना चाहते हैं जबकि ऐसा कुछ होता ही नहीं कोई संख्या किसी काम को निर्धारित नहीं करती ना ही उसके भविष्य को, अगर हमको लगता है कि 3 लोग किसी काम को मिलकर कर रहे हैं तो वह काम गड़बड़ हो जाएगा तो यह हमारी गलतफहमी है, इसे दूर कर अंधविश्वासों से दूर रहें और सकारात्मक सोच वाले कुछ उदाहरणों को देखें। अखिल सृष्टि के देवता, तीनों देव ब्रह्मा, विष्‍णु और महेश की संयुक्‍त मूर्ति अधिकतर तस्‍वीरों में मिलती है। लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती भी तीन हैं ।शंकर जी भोले बाबा का तिलक तीन रेखाओं में और त्रिशूल भी तीन शूलों से बना होता है। जब भी हम मंदिर में जाते हैं, तो तीन परिक्रमा के लिए ही कहा जाता है। पूजा के बाद आरती भी तीन बार लेकर भक्‍त तजन प्रफुल्लित हो जाते हैं।पूजन करते वक्‍त मुख शुद्धि के लिए तीन बार आचमन किया जाता है और तीन इष्‍टदेव, कुलदेव और स्‍थानदेव का ध्‍यान किया जाता है। हमारी उंगलियों की तरफ ध्‍यान से देखें तो प्रत्‍येक उंगली के पोर में तीन रेखाएं होती हैं। खेल प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को ही घोषित किया जाता है। जल को भी तीन भागों में भी बांटा जाता है ठोस, द्रव और गैस। समय को भी तीन कालों में बांटा गयाहै-वर्तमानकाल भूतकाल औरभविष्‍यकाल। सिगनल भी तीन होते हैं, लाल, पीला और हरा। घड़ी की सुईया भी तीन होती हैं। हम गौर करें कि हम गाड़ी से सफर कर रहे होते हैं, वहां भी तीन स्‍लीपर बर्थ होती हैं-लोअर, मिडल औरअपर। जब दौड़ शुरू की जाती है तो उसका प्रारम्‍भ भी तीन गिनने के बाद शुरू होता है। हमारे देश में या और अन्य देशों में भी सेनाओं को तीन भागों में बांटा गया है जल सेना, थल सेना और वायु सेना। नदियों का संगम भी तीन नदियों से ही होता है । त्रिदेव का स्मरण करके अपने इष्‍टदेव की पूजा करते समय तीन अगरबत्ती जलाने को शुभ माना जाता है। मौसम भी तीन होते हैं-सर्दी, गर्मी और बरसात । आज भी हम स्नेह मिलन तीन बार करते हैं। पूरे विश्व में त्रिगुनात्मक शक्ति सर्वोपरी मानी जाती है। मानव जीवन में भी मुख्य तीन अवस्थायें होती हैं बाल्यकाल, यौवन अवस्था और वृद्धावस्था।
साथियों तीन का प्रभाव सकारात्मक व नकारात्मक दोनों ही दृष्टि से हमारे जीवन पर प्रभाव डालता है। इसलिये हमें कभी भी नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिये क्योंकि हम जैसा सोचते हैं हमारे जीवन में वैसा ही होता है । हमारा मन सबसे सशक्त व शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास, आशा व सुंदर विचारों को रखना चाहिये।
साथियों बात अगर हम 3 पर नकारात्मक सोचकी करें तो शंकर भगवान को विनाशकारी कहा जाता है क्योंकि उनके तीन नेत्र हैं, जब किसी व्यक्ति को गलत काम करने पर डांटा जाता है तो उसे थर्ड क्लास कहा जाता है। मुस्लिम धर्म में तीन बार तलाक-तलाक-तलाक बोलने पर तलाक हो जाता है, जिसपर अभी कानून बन गया है।पुलिस थर्ड डिग्री के आधार पर अपराधी से अपराध स्वीकार करवाती है जो अत्याधिक पीड़ादायक है। शरीर में स्वास्थ्य बिगडने की सबसे बड़ी समस्या वात, पित्त और कफ मानी जाती है । किसी भी घर में गणेश जी की तीन मूर्तियां रखना शुभ नहीं माना जाता है । तृतीय श्रेणी की नौकरी को अच्छा नहीं माना जाता है इसे सम्मानित दृष्टि से नहीं देखा जाता है। यहां लोग तीन तिगड़ा काम बिगाड़ा वाली सोच का संज्ञान लेते हैं जो एक नकारात्मक सोच है इसे बदलकर सकारात्मक सकारात्मक सोच में लाना चाहिए।
साथियों एक से दस तक के अंको में तीन अंक खास है हमारे जीवन में सम और विषम अंक दोनो ही काफी महत्‍व रखते हैं, कभी-कभी तीन अंक को लेकर सकारात्‍मक और नकारात्‍मक सोच पर अच्‍छी खासी बहस हो जाती है। जैसे तीन सदस्‍यों को एक साथ घर से शुभ कार्य के लिए नहीं निकलना चाहिए। देखा जाए तो तीन अंक को काफी शुभ माना गया है। पूजन के बाद हम आचमन करते हैं, तो पंडित तीन बार हमारी अंजली में पवित्र जल प्रदान करते हैं।
विचारों की माला तो
विश्वास के फूलों से बनती है,
यदि इसमें प्रेम रस भरा हो तो
सारे जहां की खुशी मिलती है ।
अगर मन की धड़कती आवाज़
सुनने की आदत हो तो
दिल की कही हर बात भली लगती है।
अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि तीन तिगड़ा काम बिगड़ा, आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें, वर्तमान आधुनिक डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफ़लता की कुंजी है। जीवन में हम जैसा सोचते हैं वैसा हमारा मन हो जाता है जो सशक्त और शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास आशा और सुंदर विचारों को रखें।

# श्रद्धा हत्याकांड:प्रेम में प्रविष्ट पाशविकता

प्रेम एक आत्मिक अनुभूति है। एक-दूसरे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं विास का प्रतीक है प्रेम। मगर जब यह तथाकथित 'प्रेम' केवल दैहिक आकषर्ण रह जाए अथवा मन में वासना का ज्वर हावी हो जाए तो फिर वह प्रेम नहीं कुछ और हो जाता है।
प्रेम तब भी प्रेम नहीं रहता जब उसमें केवल पाने की इच्छा हो अथवा प्रेम को सीढ़ी बनाकर प्रगति के सोपान चढ़ने की हवस उसके पीछे छुपी हो। आज आधुनिकता की होड़ में लगे युवा वर्ग ने प्रेम को पाने का पर्याय बना दिया है या फिर कहें कि अब प्रेम में पाप इस तरह घुल मिल गया है कि प्रेम और पाप को अलग करके देखना मुश्किल हो गया है।




प्रेम उदारता का दूसरा नाम है, प्रेम में सर्वस्व समर्पण एवं दूसरे के प्रति उदारता निहित है, लेकिन जब प्रेम मानवीय न होकर दानवीय हो जाए तो फिर प्रेम पर पाशविकता हावी हो जाती है और आजकल प्रेम पर पाशविकता का कब्जा सा हो गया दिखता है। जिस तरह श्रद्धा की हत्या की गई उसके शरीर के छोटे-छोटे टुकड़े करके फ्रिज में रखा गया, बड़े शांत दिमाग के साथ उन्हें अलग-अलग भागों में फेंका गया और विज्ञान तथा तकनीकी का उपयोग करके उसकी बदबू रोककर पड़ोसियों तक को उसकी भनक तक नहीं लगने दी गई यह प्रेम में प्रविष्ट हुई पाशविकता का घिनौना उदाहरण है।
आधुनिक होना बुरा नहीं है, लेकिन आधुनिकता के नाम पर जीवन मूल्यों को ताक पर रख देना, नैतिकता को दरकिनार कर देना, भौतिकता के गर्त में इतना डूबना कि आत्मा से आत्मा का मिलन महज एक शाब्दिक लफ्फाजी मात्र रह जाए तो फिर आज के प्रेम पर शंका होना स्वभाविक है, और जिस समाज को हम सभ्य समाज मानते हैं उसमें जितनी संख्या ऐसी घटनाएं दिखाई दे रही हैं उसे देखते हुए उस समाज को सभ्य कहने से पहले सौ बार सोचना पड़ता है।
वैसे ऐसा भी नहीं है कि इस प्रकार का नृशंस हत्याकांड कोई पहली बार हुआ हो या फिर प्रेम में धोखा पहले न हुआ हो। पहले भी ऐसे प्रकरण सामने आते रहे हैं नैना साहनी हत्याकांड में उसके शरीर को तंदूर में जलाकर नष्ट किया गया, उत्तराखंड में घूमने आए इंजीनियर ने खुद अपनी पत्नी की हत्या करके उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करके ऐसे पहाड़ी स्थानों पर फेंके जहां से उनकी बरामदगी कल्पना से बाहर थी। यह तो केवल दो उदाहरण मात्र हैं ऐसे हजारों प्रकरण देश में होते रहते हैं मगर वे अखबारों की सुर्खियों या टीवी की खबरों तक नहीं पहुंच पाते। दिल्ली में होने की वजह से निर्भया हत्याकांड सुर्खियों में आ जाता है श्रद्धा प्रकरण जोर पकड़ता है, लखनऊ में निधि का मरना सबको पता चल जाता है देहरादून के होटल में काम करने वाली अंकिता को भी नदी में फेंक दिया जाता है तो उससे भी थोड़े से समय के लिए एक ज्वार उठता है, लेकिन छोटे शहरों कस्बों एवं गांव में इस प्रकार का कितना पाशविक प्रेम पनपता है इसकी खबर देश को नहीं लग पाती।
आधुनिक जीवन शैली एवं उन्मुक्त यौन संबंध को प्रगतिशीलता मानने वाले समाज ने प्रेम में एकनिष्ठा का गला घोंट दिया है। कुछ वर्ष पहले ही घटित आरुषि हत्याकांड में भी 'वाइफ स्वैपिंग' का तत्व प्रकाश में आया था यानी अब प्रेम आत्मा से आत्मा के मिलन की नहीं बल्कि शरीर से आनंद लेने और फिर किसी भी डर या दूसरी वजह से उसे नष्ट कर देने का दूसरा पर्याय बनता जा रहा है। बहुत ही चिंताजनक है यह परिवेश और वातावरण। आफताब ने जो कुछ किया यदि वह सच है तो घृणित भी है और निंदनीय भी। यहां 'यदि यह सच है' इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि भारत में न्यायालय के फैसले कब किस तरह की करवटें ले लें कहा नहीं जा सकता है।
किस कदर रूह को कंपा देने वाली वारदात है यह। जिसके साथ आपने कई साल गुजारे हैं, वो अपने मां-बाप को छोड़कर पार्टनर के साथ रहने आ गया हो। उसे ही न केवल आप मार डालते हैं अपितु उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर डालते हैं। उसका सर फ्रिज में रख आप रोज देखते हैं, और खुश होते हैं तो आप मनुष्य कहलाने काबिल तो नहीं है। आधुनिकता के नाम पर 'लिव इन' या ऐसी ही दूसरी प्रवृत्तियों को कानून स्वीकृति भले ही दे दे या आंख मूंद कर बैठ जाए, लेकिन पश्चिमी देशों के अंधानुकरण की यह प्रवृत्ति हमें कहां ले जा रही है यह साफ दिख रहा है। बात-बात पर धरने-प्रदर्शन एवं विरोध करने वाली सामाजिक संस्थाएं तो बहुत हैं।
मगर ऐसे मुद्दों पर अड़ने एवं लड़ने वाली संस्थाएं एवं लोग कहीं गायब होते जा रहे हैं। लिहाजा एक ऐसी संस्था सरकार का गठन करे, जो इस प्रकार के संवेदनशील एवं नैतिक मूल्यों से संबंधित प्रकरणों पर स्वयं संज्ञान ले और इन्हें रोके। यहां सवाल केवल श्रद्धा या आफताब का नहीं है। 'लव जिहाद' का भी नहीं है वरन प्रेम के नाम पर शोषण या पाशविकता का है। उससे भी बड़ा प्रश्न है जीवन मूल्यों एवं नैतिकता का, प्रेम की सात्विकता का। इस भरोसे को हमें बनाकर रखना होगा वरना आफताब प्रतीकात्मक रूप से दुनिया को अंधेरा ही बांटते रहेंगे।

-डॉ. घनश्याम बादल-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# छत्तीसगढ़ व झारखंड सुरक्षा बालों की सर्चिंग अभियान में बरामद किए गए काफी मात्रा में नक्सलियों द्वारा छिपाए गए विस्फोटक

- संवाददाता -
रामानुजगंज/कुसमी, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।







छत्तीसगढ़ व झारखंड सीमा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई कर रही है। 17 नवंबर को बलरामपुर जिले के सामरीपाठ थाना अंतर्गत ग्राम थलिया में छत्तीसगढ़ व झारखंड के सुरक्षा बलों द्वारा अभियान चलाकर भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किए गए हैं। विस्फोटक सामग्री क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों द्वारा छुपा कर रखी गई थी। इसी कड़ी में 19 नवंबर को झारखंड सीमा के लातेहार जिले के जोंकपानी नवाटोली थाना बारेसांड़ में अभियान चलाकर विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

मामले का खुलासा करते हुए बबरामपुर-रामानुजगंज जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि अंजनी कुमार झा पुलिस अधीक्षक जिला गढ़वा, अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक लातेहार झारखण्ड के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन प्रशांत कतलम एवं उप पुलिस अधीक्षक डीके सिंह के निर्देशन में छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड की सुरक्षा बल द्वारा लगातार संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों के लगातार सर्चिंग से नक्सलियों के विरूद्ध पिछले कुछ दिनों में सफलताएं भी मिल रही है। इसी कड़ी में 17 नवंबर को जिला बलरामपुर-रामानुजगंज छत्तीसगढ़ के थाना सामरीपाठ अंतर्गत जेटीएफ कैम्प पुंदाग तिलयाहीटांड़, भटठीमहुआ, गोड़ाटांड़, तुमेरा थलिया, बुढ़ागांव, झाउलडेरा, झण्डीमुण्डी पहाड़, बुढ़ापहाड़ के जंगलों में नक्सली गतिविधियों की सूचना मिली थी। सूचना पर छत्तीसगढ़ की ओर से जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ एवं झारखण्ड की ओर से सीआरपीएफ, झारखण्ड जगुवार, सिविल पुलिस एवं 203 कोबरा की 4 टीम अंतर्राज्यीय संयुक्त विशेष नक्सल विरोधी अभियान एरिया डॉमिनेशन सर्व ऑपरेशन हेतु रवाना हुई थी। छत्तीसगढ़-झारखण्ड बार्डर पर सर्चिंग के दौरान बूढ़ापहाड़ से लगे ग्राम चलिया के जंगलों में नक्सलियों द्वारा काफी मात्रा में विस्फोटक छिपा कर रखा गया था। जिसे संयुक्त टीम ने सर्चिंग के दौरान जब्त किया है। कुकर बम 3 नग 15 किग्रा का, क्लेमोर माइंस 2 नग 1 किग्रा, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 2 नग, वायरलेस सेट 1 नग, वाट मोटोरोला, नक्सल एम्युनेशन पोच 2 नग, ब्लैक डांगरी 3 नग, मोबाइल फोन (जिंक) 1 नग, ट्रॉजिस्टर रेडियो (सोनी) 1 नग, आईईडी ब्लास्ट फलैस 1 नग, कुड ऑयल 10 लीटर, बैट्री 9 बोल्ट 10 नग, स्विच 7 नग, नक्सल रजिस्टर, डायरी पाम्पलेट 2 नग, कंबल 1 नग, मंकी कैप 1 नग, वायर सोल्डिंग किट 1 नग, नक्सल फ्लैग, प्लास्टिक बाल्टी 1 नग, हमाम दस्ता 1 नग, मेडिकल एवं इंजेक्शन बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मोहित गर्ग द्वारा नक्सलियों के विरूद्ध उपरोक्त सफलता के लिए सर्चिंग ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीमों में शामिल पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिन पूर्व भी सर्चिंग अभियान के दौरान काफी मात्रा में नक्सलियों द्वारा छिपाए गए विस्फोटक व अन्य सामग्री जब्त किए गए थे।

### झारखंड सीमा में भी सर्चिंग ऑपरेशन

एसपी बलरामपुर ने बताया कि 19 नवंबर को अंतर्राज्यीय संयुक्त सर्चिंग अभियान छत्तीसगढ़ सीमा से लगे झारखंड में भी चलाया गया था। सर्चिंग अभियान के दौरान जोंकपानी ग्राम नवाटोली थाना बारेसांड़ जिला लातेहार झारखण्ड से नक्सलियों द्वारा छुपाए गए विस्फोटक सामग्री आईईडी 1.5 किग्रा 1 नग, वायरलेस सेट नग, ट्रांजिस्टर 01 नग, कार्डेक्स वायर 10 मीटर, सिरिंज आईईडी 4 नग ( प्रत्येक 250 ग्राम), बैट्री 3 नग, आईईडी के लिए छेद किया टिफिन 120 नग ( प्रत्येक 1-2 किग्रा), नक्सल साहित्य, पाम्पलेट 7 बन्डल, नक्सली कपड़ा 2 नग, लाल नक्सल बैनर 3 बन्डल, काला डान्गरी 1 नग, स्विच 1 नग, मच्छरदानी 1 नग, सोल्डिंग सामान 1 पैकेट, बिजली वायर 30 मीटर, गड्ढा खोदने का छोटा उपकरण 1 नग, हेलमेट 1 नग, नायलोन रस्सी 1 नग, छाता 1 नग, बर्तन 3 नग, चटाई 1 नग, सिरिंज, दवाई इत्यादि सामान बरामद किए गए हैं।

# दो पहिया वाहनों के अमानक साइलेंसर एवं सार्वजनिक रूप से शराब पीने वालों पर पुलिस की कार्रवाई



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों के अमानक साइलेंसर एवं सार्वजनिक रूप से शराब पीने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।

संयुक्त टीम द्वारा शनिवार की शाम को शहर के घड़ी चौक, गांधी चौक, चौपाटी के आसपास संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल के 14 वाहन पकड़े गए, जिसमें से 5 साइलेंसर अमानक पाया गया। जिसे निकलवाकर जब्त किया गया एवं नियमों के आधीन सामान्य साइलेंसर लगाने के पश्चात चालानी कार्रवाई की गई। इसके बाद संयुक्त टीम ने शासकीय शराब दुकानों के आसपास सार्वजनिक रूप से शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। दो प्रकरणों में सात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत देवांगन, थाना प्रभारी गांधी नगर निरीक्षक कलीम खान, यातायात प्रभारी जयराम चेरमाको, उप निरीक्षक आरपी साहू, सहायक उप निरीक्षक नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक विनोद बारी, आरक्षक असलम, रिंकू गुप्ता, अनिल परिहार, उमाशंकर साह, रितेश गोस्वामी, रामजी खलखो, विजय सिंह, प्रेमचंद राजवाड़े, देवेंद्र पाठक शामिल रहे।

# यादव भवन में मनाया गया बाल दिवस कार्यक्रम

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
उदयपुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



शनिवार को जनपद सदस्य और महिला उत्थान कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरिता महंत की अध्यक्षता में यादव भवन में बाल दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के साथ मिलकर किया गया ।

जिसमें मुख्य अतिथि सुशीला धुर्वे और विशिष्ट अतिथि गंगा सिंह और संगीता धुर्वे थे अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला धुर्वे द्वारा बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा गया कि हम सब पेरेंट्स को बच्चों का ख्याल रखना चाहिए बच्चों को शिक्षा में कमी नहीं होना चाहिए। बच्चों को बाल सुरक्षा के बारे की जानकारी दिया गया।

समिति के अध्यक्ष सरिता महंत द्वारा बच्चों को गुड टच बैड टच और बाल सुरक्षा अधिकार के बारे में जानकारी दिया गया विशिष्ट अतिथि गंगा सिंह ने कहा बच्चे भारत के भविष्य हैं और अपने भारत की भविष्य का ख्याल रखना हम सबकी जिम्मेदारी है ।

विशिष्ट अतिथि संगीता धुर्वे द्वारा बच्चों को बधाई देते हुए बच्चों को हमेशा स्कूल जाने के लिए और मां बाप की बात मानने के लिए कहा गया।

# नवपदस्थ आईजी ने पदभार ग्रहण करते ही थानों का किया निरीक्षण



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

2007 बैच के आईपीएस गोपाल राम गर्ग ने रविवार को आईजी सरगुजा रेंच के तौर पर पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व उन्होंने जिला गरियाबंद, कोरिया, बालोद एवं विशेष सूचना शाखा में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे हैं। इसके अलावा वर्ष 2015 से 2022 तक भारत सरकार के सेंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रहे हैं। प्रतिनियुक्ति से वापस आने के उपरांत उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दी है। नव पदस्थ आईजी राम गोपाल गर्ग के सरगुजा रेंज आगमन पर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें सरगुजा जिले के भौगोलिक वास्तु स्थिति की जानकारी दी। पदभार ग्रहण करने के बाद आईजी ने रात्रि में ही सरगुजा पुलिस के कार्यों का जायजा लेने थाना कोतवाली, थाना गांधीनगर, चौकी मणिपुर में जाकर दैनिक डायरी, मालखाना, बंदी गृह, सीसीटीएनएस, शस्त्रगार का अवलोकन किया।

### बेहतर पुलिसिंग के लिए हर संभव किया जाएगा

आईजी गोपाल राम गर्ग ने पदभार ग्रहण करने के बाद रविवार को संभाग मुख्यालय स्थित आईजी कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरगुजा संभाग में पुलिस से संबंधित समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण अपराध की विवेचना और कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए संभाग के सभी जिलों के एसपी से चर्चा कर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संभाग में बेहतर पुलिसिंग के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। संभाग भर में तेजी से बड़े साइबर क्राइम की घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा ताकि साइबर क्राइम की घटनाओं को रोका जा सके।

# नुक्कड़ सभा के माध्यम से भाजयुमो ने किया बिजली बिल का विरोध

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



भारतीय जनता युवा मोर्चा अम्बिकापुर नगर मंडल द्वारा प्रदेश आह्वान पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में बिजली बिल में सुरक्षा निधि के नाम पर और बेतहाशा बिल थमाने का विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इसी कार्यक्रम में रविवार भाजयुमो अंबिकापुर ने कोतवाली थाना चौक में और कंपनी बाजार में नुक्कड़ सभा कर लोगों के बीच बिजली बिल के मुद्दों को लेकर युवा मोर्चा के साथियों ने अपनी बातों को रखा।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष सरगुजा विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा की पूरे छत्तीसगढ़ में बिजली बिल की समस्या बनी हुई है। 200 से 300 आने वाला बिल 1000 आ रहा है, जनता परेशान है। बिजली बिल के नाम पर प्रदेश सरकार आम आदमी से अवैध उगाही कर रही है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि हम बिजली के बिल हाफ कर देंगे पर हाफ कर देने की बजाए और बढ़ा दिया जिसके खिलाफ भाजयुमो सरगुजा का एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनके बिलों को इकट्ठा कर एक बड़ा आंदोलन आने वाले समय में करेंगे । इसके पश्चात जिला मंत्री विकास शुक्ला ने भी अपनी बातों को रखा भाजयुमो नगर अध्यक्ष निशांत सिंह जी ने अपनी बातों को रखते हुए कहा की इनके बुरे दिन चालू हो गए हैं। जनता इनसे परेशान हो चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेश को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। इनके पूरे वादे झूठे निकले इसके पश्चात नगर महामंत्री रवि सोनी ने भी अपनी बातों को रखा और नगर उपाध्यक्ष भाजयुमो सौरव मिश्रा ने भी अपनी बातों को रखा। पूरे कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री दीपक यादव ने किया। इस कार्यक्रम में नगर मंत्री अभिजीत पांडे रोनी मिश्रा, अर्पित यादव, सुनील भगत हिमांशु, नीतीश पटेल, लकी सिंह आदि उपस्थित रहे।



# उपार्जन केंद्र से सीधे राइस मिल न ले जाकर और कहीं ले जाया जा रहा था धान

## एसडीएम ने ट्रक सहित 280 क्विंटल धान किया जब्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

धान उपार्जन केंद्र से धान का उठाव कर सम्बंधित राईस मिल न ले जाकर अन्यत्र ले जाते हुए 280 क्विंटल धान सहित ट्रक को एसडीएम ने जब्त कर पुलिस चौकी के सुपुर्द किया। जब्त शुदा ट्रक के बारे में जांच जारी है।

एसड़ीएम अम्बिकापुर श्री प्रदीप साहु ने बताया कि रविवार को धान उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण पर अम्बिकापुर-लखनपुर मार्ग में निकले थे। इसी बीच एनएच में ही लोधिमा के पास धान लोड एक ट्रक जाते दिखा जिसे पूछ-ताछ करने रोका गया। ट्रक चालक खुर्शीद से धान से संबंधित दस्तावेज मांगे गए। धान के उठाव हेतु लुण्ड्रा जनपद के बटवाही उपार्जन केंद्र से कंठी एग्रो के नाम डीईओ कटा था। अर्थात उपार्जन केंद्र बाटवाही से धान का उठाव कर दरिमा रोड में ग्राम कंठी ले जाना था लेकिन ट्रक को बिलापुर रोड में ले जाया जा रहा था।

# खीस्त राजा पर्व पर शहर में निकली विशाल शोभा यात्रा

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी मसीही समाज द्वारा खीस्त राजा पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। खीस्त राजा पर्व रविवारिय विशेष महाप्रार्थना सभा के समस्त धार्मिक अनुष्ठान, मिस्सा पूजा बिशप डॉ. अंतोनी बड़ा और फादर जार्ज ग्रे कुजूर पल्ली पुरोहित महागिरजाघर नवापारा ने संपन्न कराया। अपने संदेश में बिशप ने कहा कि इतिहास में राजाओं का उल्लेख सुविधा, विलासिता व ऐशो आराम के लिए होता रहा है, लेकिन आज हम जिस राजा की बात कर रहे हैं वह प्रभु यीशु दुनियावी राजा नहीं बल्कि दयालुता शांति व दीन दुखियों की मदद करने वाला राजा। आज हमें भी जरूरत है कि हम समाज के दबे, कुचले, शोषित, पीड़ित लोगों की मदद कर ईश्वर की दयालुता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाए। नगर के आस-पास के समस्त रोमन कॉथलिक चर्च में होने वाली रविवारिय प्रार्थना सभा सेंट जेवियर स्कूल प्रांगण में ही संयुक्त रूप से सम्पन्न हुई। काथलिक सभा, काथलिक महिला संघ, काथलिक युवा संघ व समस्त कार्यकारिणी सदस्य नाचते गाते हुए शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा नवापारा महागिरजाघर से प्रारंभ हुई और गांधी चौक, घड़ी चौक, नगर निगम, आकाशवाणी चौक, उर्सूलाईन, बिशप हाउस से होते हुए सेंट जेवियर स्कूल प्रांगण में समाप्त हुई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से महापौर डा. अजय तिर्की,प्रबोध मिंज,सिस्टर डायना, फ़ा अमृत,कुल सचिव विनोद एक्का, प्रदीप एक्का,राजेन्द्र तिग्गा,पण्डवा एक्का, जगजीत मिंज,फादर अनिल, सिस्टर मेरी क्लारा टोप्पो सहित उर्सु लाईन सिस्टर्स, संत अन्ना सिस्टर्स, हॉली क्रॉस सिस्टर्स, मिशनरिज आफ चैरीटी सिस्टर्स सहित हजारों की संख्या में मसीही समुदाय के बच्चे, बुढे, महिला, पुरूष शामिल हूए।

# नशा मुक्ति अभियान पर चलाया गया जागरूकता शिविर

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।




पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक राजनाला (भा.पु.से.), पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण) श्री अखिलेश कौशिक नेतृत्व में बाल सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर शहर के भीड़भाड़ वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों मे बच्चों एवं आम नागरिकों में ÷गुड टच बैड टच÷, पोकसो एक्ट, अभिव्यक्ति ऐप, मानव तस्करी, साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध मे जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस मितान के सदस्यों द्वारा आपत्कालीन परिस्थितियों मे ÷अभिव्यक्ति ऐप÷ का उपयोग एवं नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध मे ÷नवाबिहान÷ पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में नाटक के जरिये जागरूकता का सतत प्रयास किया गया।

आयोजन के दौरान प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत देवांगन, महिला थाना प्रभारी श्रीमती दुर्गेश्वरी चौबे, रक्षित निरीक्षक श्री जयराम चेरमाको, पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी, पुलिस मितान एवं काफी संख्या में बच्चे एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# अब पाकिस्तान में हर तरफ यही चर्चा...कौन बनेगा नया सेनाध्यक्ष

**इस्लामाबाद , 20 नवम्बर 2022।** पाकिस्तान में नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने इन आशंकाओं का खंडन कर दिया है कि वे नियुक्ति के लिए शहबाज शरीफ सरकार की तरफ से भेजे गए नाम को मंजूरी देने से इनकार कर सकते हैं। अल्वी के साफ कहने के बाद रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एलान किया कि नियुक्ति प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसीलिए हर सप्ताहांत में लाहौर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। वे अब नियुक्ति तक राजधानी में ही बने रहेंगे।

इस बीच, अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक खबर में कहा गया है कि नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर सैन्य और नागरिक अधिकारियों के बीच मतभेद हैं। रक्षा मंत्री ने नियुक्ति प्रक्रिया सोमवार से शुरू होने की बात कही है, लेकिन गृह मंत्री राना सनाउल्लाह ने शुक्रवार को कहा कि दो दिन में नए सेनाध्यक्ष के नाम का एलान हो जाएगा। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक उसे कुछ उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया है कि ये एलान रविवार को हो सकता है। ऐसी खबरों को सेना और सरकार में मतभेदों का संकेत माना गया है।

बहुत से जानकार पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था एक 'हाइब्रिड सिस्टम' कहते हैं। यानी ऐसा सिस्टम, जिसमें आम प्रशासन में निर्वाचित सरकार और सेना नेतृत्व की बराबर भूमिका रहती है। इसीलिए पाकिस्तान में सेनाध्यक्ष कौन बनता है, इस पर दुनिया की निगाह रहती है। आम तौर पर रक्षा और विदेश मामलों में सेनाध्यक्ष की प्रमुख भूमिका रहती है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने एक्सप्रेस ट्रिब्यून से कहा कि इस मामले में सभी पक्षों के बीच सहमति बनाने की कोशिश की जा रही है।



पहले यह खबर आई थी कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बड़े भाई नवाज शरीफ में इस बात पर सहमति बनी है कि रिटायर हो रहे सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा के बाद के सबसे सीनियर अधिकारी को नया अध्यक्ष बनाया जाए। इसके बावजूद यहां सियासी हलकों में नए सेनाध्यक्ष के लिए कम से कम पांच नामों की चर्चा चल रही है।

अगर सबसे वरिष्ठ अधिकारी को यह पद दिया गया, तो लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर नए सेनाध्यक्ष बनेंगे। मुनीर के बारे में यह चर्चित है कि उन्हें पूरा कुरआन जुबानी याद है। लेकिन उनकी नियुक्ति पर इसलिए संदेह जताया गया है कि पूर्व इमरान खान सरकार ने उन्हें खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख पद से बर्खास्त कर दिया था। वैसे अगर उन्हें सेनाध्यक्ष बनाना है, तो उनकी सेवा शर्तों में हेरफेर करनी होगी। इसकी वजह यह है कि उनकी रिटायरमेंट की तारीख जनरल बाजवा के रिटायर होने से दो दिन पहले ही है। मगर एक अनुमान यह है कि उनकी नियुक्ति से इमरान खान की परेशानी बढ़ेगी, इसलिए शरीफ सरकार यह दांव खेल सकती है।

मुनीर के बाद सबसे वरिष्ठ अधिकारी ले.ज. शमशाद मिर्जा हैं। उन्हें टैक्टिकल ऑपरेशन्स में माहिर माना जाता है। इसके अलावा वे संयुक्त राष्ट्र के कई शांति मिशन में तैनात रह चुके हैं और उन्हें विवादों से मुक्त अधिकारी माना जाता है। उनके बाद सबसे सीनियर ले.ज. अजहर अब्बास हैं। उन्होंने कुछ समय पहले भारत के साथ हुए सीजफायर पर अमल का नेतृत्व किया था। वे उसी रेजिमेंट से आते हैं, जिससे जनरल बाजवा आए थे। फिलहाल वे 41 इस्लामी देशों के आतंकवाद विरोधी सैन्य गठबंधन के कमांडर हैं। लेकिन वे शिया मुस्लिम हैं और यह बात उनके खिलाफ जा सकती है।

चौथे और पांचवें नंबर जिन अफसरों की चर्चा है, वे ले.ज. नौमान महमूद और ले.जय फैज हमीद हैं। कुछ मीडिया रिपोर्टों में ले.ज. महमूद आमेर का नाम भी उछाला गया है। लेकिन तीनों काफी जूनियर हैं। वैसे मीडिया रिपोर्टों में ध्यान दिलाया गया है कि अतीत में कई ऐसे अफसर पाकिस्तान में सेनाध्यक्ष बने हैं, जो वरिष्ठता के मामले में टॉप तीन में शामिल नहीं थे।

## अमेरिका के एलजीबीटीक्यू नाइट क्लब में चलीं गोलियां,पांच लोगों की मौत,18 घायल



**कोलोराडो , 20 नवम्बर 2022।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। ताजा घटना अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में सामने आई है। यहां के एक एलजीबीटीक्यू नाइट क्लब में शनिवार रात (भारतीय समयानुसार रविवार) को गोलीबारी की घटना हुई। पुलिस के मुताबिक, इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, 18 अन्य घायल भी हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हमले के बारे में कोलोराडो स्प्रिंग्स लेफ्टिनेंट पामेला कास्त्रो ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। एलजीबीटीक्यू नाइट क्लब में हुए हमले के बाद घायलों का इलाज किया जा रहा है। उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस को रात करीब 11ः57 बजे गोलीबारी के बारे में फोन करके जानकारी दी गई थी। जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में संदिग्ध भी घायल हो गया था, जिसका पुलिस हिरासत में इसाज कराया जा रहा है।

वहीं, एलजीबीटीक्यू नाइटक्लब ने भी इसके बारे में जानकारी देते हुए मौके पर मौजूद ग्राहकों का शुक्रिया अदा किया है। नाइट क्लब एलजीबीटीक्यू ने अपने फेसबुक पेस पर इस घटना के बारे में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा कि %हमारे समुदाय पर मूर्खतापूर्ण हमले से बर्बादी।%

गौरतलब है कि अमेरिका में गोलीबारी की ये कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन यहां ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी और हत्याकांड के आंकड़े तैयार करने वाली संस्था %द गन वॉयलेंस आर्काइव% के मुताबिक, 2022 में जुलाई तक 309 सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं सामने आई थीं। आंकड़ों के मुताबिक, चौंकाने वाली बात यह है कि इन सामूहिक हत्याकांडों में 0 से 11 साल के 179 बच्चों और 12 से 17 साल के 670 किशोरों की मौत हो चुकी है। %गन वायलेंस आर्काइव% की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में 2021 में 693 सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं हुई। 2019 में 417 जगहों पर ऐसी ही वारदात को अंजाम दिया गया।

## अमेरिका के जखीरे में हथियारों की कमी, यूक्रेन को आपूर्ति में आ रही है दिक्कत



**वॉशिंगटन , 20 नवम्बर 2022।** अमेरिका में कुछ प्रकार के हथियारों और अस्त्र प्रणालियों की कमी हो गई है। इसलिए यूक्रेन को उनकी पर्याप्त आपूर्ति करना मुश्किल साबित हो रहा है। अमेरिकी टीवी चैनल सीएनएन ने यह खबर दी है। सीएनएन के मुताबिक अमेरिका सरकार के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने उससे बातचीत में इस बात की पुष्टि की है।

जो बाइडेन प्रशासन ने बीते नौ महीनों में अरबों डॉलर के हथियार यूक्रेन भेजे हैं। इससे अमेरिकी जखीरा दबाव में आया है। सीएनएन के मुताबिक ये बात बाइडेन प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। एक अधिकारी ने इस टीवी चैनल से कहा- अब हथियारों का भंडार सीमित ही बचा है। जिन हथियार प्रणालियों की कमी से प्रशासन में सबसे अधिक चिंता है, उनमें 155 मिलीमीटर तोपों के गोले और विमान भेदी स्टिंगर मिसाइलें शामिल हैं।

सीएनएन ने कहा है- 'कुछ सूत्रों ने अतिरिक्त अस्त्र प्रणालियों के अमेरिका में हो रहे उत्पादन को लेकर चिंता जताई है। इनमें एचएआरएम रेडिएशन भेदी मिसाइलें, जीएमएलआरएस जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलें और पोर्टेबल जेवेलिन टैंक भेदी मिसाइलें शामिल हैं। अब अमेरिका ने इन और दूसरी अस्त्र प्रणालियों का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए हैं।'

रक्षा विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि दो दशक में यह पहला मौका है, जब अमेरिका सीधे किसी युद्ध में शामिल नहीं है। अफगानिस्तान से सेना वापसी के बाद से अमेरिका सिर्फ युद्ध संबंधी परामर्श देने की भूमिका निभा रहा है। सीधे युद्ध में भागीदारी ना होने के कारण हथियार उत्पादन की मात्रा में गिरावट आई। यही इस वजह हुई कमी का कारण है। रक्षा अधिकारियों ने सीएनएन से कहा कि अमेरिका ने अपने आपात भंडार को कायम रखते हुए यूक्रेन को हथियार भेजे हैं। इसलिए अमेरिकी सुरक्षा के लिए कोई खतरा नहीं है।

सूत्रों ने बताया कि अमेरिका के कारखाने मांग के मुताबिक उत्पादन करने में सफल नहीं हुए हैं। दूसरी तरफ यूरोपीय देश यूक्रेन की सेना की जरूरत के मुताबिक हथियारों की सप्लाई करने में नाकाम रहे हैं। इसी वजह से हथियारों की कमी महसूस हो रही है। कांग्रेस (संसद) के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के सदस्य माइक क्विग्ले ने कहा- 'हथियारों की आपूर्ति करना रोज अधिक कठिन होता जा रहा है। हमने सोचा था कि ये युद्ध कुछ दिन के अंदर खत्म हो जाएगा, लेकिन अब लगता है कि यह वर्षों तक चल सकता है। जिस समय वैश्विक सप्लाई चेन टूट रहे हैं, तब अधिक मांग को पूरा करना पश्चिमी देशों के लिए बहुत मुश्किल साबित होगा।'

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय- पेंटागन के सेक्रेटरी ब्रिगेडियर पैट्रिक राइडर ने सीएनएन से कहा कि यूक्रेन को जब तक जरूरत होगी, अमेरिका उसे हथियार देता रहेगा। लेकिन उन्होंने कहा- यूक्रेन को हथियार देते हुए अमेरिकी की युद्ध तैयारी से कोई समझौता नहीं किया गया है। थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के वरिष्ठ सलाहकार मार्क कैनसियन ने सीएनएन से कहा- अमेरिका के पास जितने हथियार या अस्त्र उत्पादन की क्षमता है, उससे बहुत कम हथियार यूक्रेन को दिए गए हैं। इसके बावजूद लड़ाकू जहाजों के उत्पादन और ट्रेनिंग के लिए जरूरी कुछ उपकरण अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच रहे हैं।

## चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजामों के बावजूद नेपाल में मतदान के दौरान हिंसा का अंदेशा

**काठमांडो , 20 नवम्बर 2022।** नेपाल में रविवार को आम चुनाव के लिए मतदान सुरक्षित माहौल में कराने के उपाय बड़े पैमाने पर किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इसके लिए हर बूथ पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आयोग ने कहा है कि उसकी कोशिश स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय माहौल में मतदान कराने की है।

निर्वाचन आयोग और सुरक्षा एजेंसियों के लिए मुख्य चिंता उन छोटे समूहों ने पैदा की है, जिन्होंने इन चुनावों के बहिष्कार की अपील की है। इन गुटों में नेत्र बिक्रम चंद के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल और मोहन वैद्य के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (रिवोल्यूशनरी माओइस्ट) शामिल हैं। इन संगठनों ने मतदाताओं से कहा है कि वे खुद को मतदान से अलग रखें। आशंका है कि ये संगठन कुछ जगहों पर मतदान केंद्रों पर हमले कर सकते हैं। कुछ इलाकों में इन संगठनों का अच्छा प्रभाव है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता फणींद्र मणि पोखारेल ने शुक्रवार को कहा- 'हाल में कुछ जिलों से बम विस्फोट की खबरें मिली हैं। कुछ ताकतें चुनाव में बाधा डालने की कोशिश में हैं। लेकिन हमने उनका मुकाबला करने की पूरी तैयारी की है।' पोखारेल ने यहा कि ये ताकतें सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

## रूस के तिमोवस्कॉय में पांच मंजिला आवासीय इमारत में हुआ भीषण विस्फोट, नौ की मौत



**कीव , 20 नवम्बर 2022।** पिछले नौ माह से रूस और यूक्रेन में चल रही जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। दोनों लगातार एक दूसरे पर बमबारी कर रहे हैं। इस बीच, शनिवार को रूस के सुदूर पूर्वी सखालिन द्वीप पर तिमोवस्कॉय में एक पांच मंजिला आवासीय इमारत में जोरदार विस्फोट हुआ है। रूसी समाचार एजेंसी ञ्रस्स ने इस बात की जानकारी दी है। दावा किया जा रहा है कि ये विस्फोट गैस सिलेंडर फटने के कारण हुआ। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हुई है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को रूस के सुदूर पूर्वी सखालिन द्वीप पर तिमोवस्कॉय की एक बस्ती में स्थित पांच मंजिला आवासीय इमारत में गैस सिलेंडर विस्फोट हुआ। रूसी समाचार एजेंसी ञ्रस्स ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया है कि इस हादसे में मरने वाले नौ लोगों में चार बच्चे भी शामिल हैं।

सखालिन के क्षेत्रीय गवर्नर वालेरी लिमारेंको ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल के माध्यम से जानकारी दी कि मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। उनमें से चार बच्चे भी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अंधेरा होने के बावजूद रात में भी बचाव कार्य जारी रहेगा। आपातकालीन सेवाओं में लगे लोगों का कहना है कि कई और लोग अभी अपार्टमेंट इमारत के मलबे के नीचे दबे हुए हैं। मलबे को हटाकर उन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। गौरतलब है कि हादसे का शिकार हुई 80-अपार्टमेंट वाली पांच मंजिला इमारत का निर्माण 1980 में किया गया था। कहा जा रहा है कि ये बिल्डिंग गैस आपूर्ति के लिए केंद्रीकृत बुनियादी ढांचे से नहीं जुड़ी थी। साल 2016 में एक महत्वपूर्ण नवीनीकरण किया गया था।



## एपेक सम्मेलन का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों की पुलिस से भिड़ंत

**बैंकॉक, 20 नवम्बर 2022।** थाईलैंड में एपेक आर्थिक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रदर्शन में हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों का विरोध रोकने के लिए पुलिस को आंसूगैस छोड़नी पड़ी और रबर की गोलियां चलानी पड़ीं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में प्रदर्शनकारी सरकार संपत्ति को नुकसान पहुंचाते दिख रहे हैं।

एक वीडियो में, एक पुलिस कार को भी प्रदर्शनकारियों द्वारा पलटते हुए देखा जा सकता है, जबकि बैंकॉक के पुलिस अधिकारी उन्हें ढाल से रोकते और डंडों से मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार लोग थाईलैंड के प्रधान मंत्री प्रयुथ चान-ओचा के खिलाफ भी विरोध कर रहे थे।

**हैरिस-शी में संक्षिप्त मुलाकात**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच संचार की लाइनें खुली रखने की दिशा में एक और कदम के तहत शनिवार को चीनी नेता शी जिनपिंग के साथ संक्षेप में बात की। दोनों ने बंद कमरे में विचारों का आदान-प्रदान किया।

## अब रूस को मिलेगी जबरदस्त टक्कर, यूक्रेन की अपनी पहली यात्रा में ही ऋषि सुनक ने कर दी बड़ी घोषणा



**कीव , 20 नवम्बर 2022।** ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपने दमदार फैसले के चलते केवल देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी छाए हुए हैं। दरअसल, ऋषि सुनक शनिवार को यूक्रेन पहुंचे जहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और बड़ा एलान कर दिया। सुनक ने घोषणा करते हुए कहा कि ब्रिटेन, रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन की मदद करना जारी रखेगा। इतना ही नहीं सुनक ने यूक्रेनी नागरिकों और इंफ्रास्ट्रक्चर को रूसी हमलों से बचाने में मदद करने के लिए एयर डिफेंस पैकेज का भी एलान कर दिया।

**एयरक्राफ्ट बंदूकें सप्लाई करेगा ब्रिटेनः ऋषि सुनक**

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन यूक्रेन को 50 मिलियन पाउंड का रक्षा पैकेज देगा। इनमें 125 एंटी एयरक्राफ्ट बंदूकें और ड्रोन रोधी तकनीक भी शामिल हैं। इसके अलावा यूक्रेन को दर्जनों रडार और एंटी ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता की भी सप्लाई की जाएगी।

**हम युद्ध के अंत तक यूक्रेन के साथ खड़े रहेंगेः ऋषि सुनक**

कीव की अपनी यात्रा के दौरान, ऋषि सुनक ने कहा कि मुझे इस बात पर गर्व है कि ब्रिटेन शुरू से ही यूक्रेन के साथ खड़ा रहा। मैं आज यहां यह कहने के लिए हूं कि ब्रिटेन और हमारे सहयोगी यूक्रेन के साथ युद्ध के अंत तक खड़े रहेंगे। सुनक ने कहा कि हमारे यूक्रेनी सैनिक रूसी सेना को काफी पीछे हद तक पीछे धकेलने में सफल रहे। नागरिकों पर हवा से क्रूरता से बमबारी की जा रही है। हम आज नई वायु रक्षा प्रदान कर रहे हैं, जिसमें विमान-रोधी बंदूकें, रडार और ड्रोन-रोधी उपकरण शामिल हैं।

**सुनक ने कहा, यह आजादी की लड़ाई**

सुनक ने कहा, ब्रिटेन जानता है कि यह आजादी के लिए लड़ाई है। इसलिए हम हर तरह से यूक्रेन के साथ हैं। उन्होंने कहा है कि ब्रिटेन जल्द ही यूक्रेन को छह करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देगा। इसमें एंटी एयरक्राफ्ट गन और आकाश में ड्रोन को ढूंढ़कर उसे नष्ट करने की तकनीक भी होगी। इससे रूसी मिसाइलों को भी आकाश में नष्ट किया जा सकेगा।

**मानवीय मदद बढ़ाएंगे**

सुनक ने कहा, यूक्रेनी सुरक्षा बल रूसी सेना को जमीन पर पीछे धकेलने में कामयाब रहे हैं लेकिन आकाश से नागरिकों और उनके हित वाले स्थानों पर हमले जारी हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा, ठंडक के मौसम में यूक्रेनी नागरिकों को होने वाली मुश्किलों की भी हमें चिंता हैं, हम उनके लिए मानवीय मदद बढ़ाएंगे।

# बढ़ता जा रहा है सेमीकंडक्टर उद्योग का संकट पर क्या चीन पर कस सकेगी लगाम?

**नई दिल्ली , 20 नवम्बर 2022।** चिप निर्माता कंपनियों के अपनी लागत में कटौती का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। इससे पूरा सेमीकंडक्टर उद्योग संकट में फंस गया है। इससे इस वर्ष के आरंभ में दिखा सकारात्मक ट्रेंड पूरी तरह पलट गया है। कोविड-19 महामारी से उबरती दुनिया में चिप की मांग तेजी से बढ़ रही थी। लेकिन अमेरिका ने चीन से कारोबार पर जो प्रतिबंध लगाए, उनकी तेज मार इस उद्योग पर पड़ी है।

प्रमुख चिप उत्पादक कंपनियों इंटेल और ताइवान सेमीकंडक्टर मैनुफैक्टरिंग को. (टीएसएमसी) ने इस साल के आरंभ में नए कारखाने लगाने, अधिक कर्मचारियों की भर्ती और उत्पादन में काम आने वाले उपकरणों की अधिक खरीदारी का एलान किया था। अब दोनों कंपनियों ने अपनी उन योजनाओं पर विराम लगाने की घोषणा की है। सेमीकंडक्टर उद्योग की संस्था एसईएमआई ने अप्रैल में अनुमान लगाया था कि इस वर्ष दुनिया भर में चिप कंपनियां 165.5 बिलियन डॉलर का पूंजी निवेश करेंगी। अब उसने यह अनुमान घटा कर 138.1 बिलियन डॉलर कर दिया है।

ताइवान की सबसे बड़ी डिसप्ले निर्माता कंपनी एयू ऑप्ट्रोनिक्स के अध्यक्ष पॉल पेंग ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा- '2022 की दूसरी छमाही में इस कारोबार में आई गिरावट अचानक लगे झटके की तरह है।' अमेरिका में फ्लोरिडा स्थित निवेश कंपनी फ्रैंक फंड्स में मुख्य निवेश अधिकारी ब्रायन फ्रैंक ने इसी वेबसाइट से कहा- 'कोई कारोबार में विस्तार के लिए पूंजी निवेश में कटौती नहीं करना चाहता। लेकिन उद्योग बहुत कठिन हाल में है। चीन और ताइवान की स्थिति को लेकर हर कोई चिंतित है।'



अमेरिका ने हाई टेक क्षेत्र में चीन के बढ़ रहे कदमों को रोकने के लिए उस पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन प्रतिबंधों के मुताबिक चीन से चिप कारोबार करने वाली हर कंपनी प्रतिबंध के दायरे में आ जाएगी। इसलिए अमेरिकी कंपनियों के साथ-साथ दूसरे कई देशों की कंपनियों को भी अपनी योजना बदलनी पड़ी है। इन कंपनियों का सबसे बड़ा बाजार चीन रहा है। इसलिए उन्हें अपने कारोबार की संभावनाओं में कटौती करनी पड़ी है। जबकि जानकार इस बात को लेकर निश्चिंत नहीं हैं कि प्रतिबंधों से चीन पर लगाम कस सकेगी।

चीन के पास सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विशेषज्ञ बड़ी संख्या में हैं। शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट के मुताबिक पहली बार ऐसा हुआ, जब सेमीकंडक्टर पर केंद्रित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सबसे ज्यादा रिसर्च पेपर चीन की तरफ से पेश किए गए हैं। इस मामले में उसने अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। अमेरिकी शहर सैन फ्रैंसिस्को में हर साल होने वाले इंटरनेशनल सॉलिड-स्टेट सर्किट कॉन्फ्रेंस (आईएसएससीसी) को सेमीकंडक्टर सेक्टर का ओलिंपिक्स समझा जाता है।

अगले फरवरी में होने वाली 2023 की कांफ्रेंस के लिए 198 रिसर्च पेपर स्वीकृत हुए हैं। उनमें से 59 यानी 29.8 प्रतिशत पेपर चीनी विश्वविद्यालयों या कंपनियों ने पेश किए हैं। अमेरिकी विश्वविद्यालयों और कंपनियों की तरफ से 40 रिसर्च पेपर आए हैं। इस तरह पहली बार अमेरिका दूसरे नंबर पर चला गया है। तीसरे नंबर पर दक्षिण कोरिया, चौथे पर ताइवान और पांचवें पर संयुक्त रूप से जापान और नीदरलैंड्स रहे हैं।

विश्लेषकों ने कहा है कि चीन के विश्वविद्यालयों में सेमीकंडक्टर पर रिसर्च पर काफी जोर दिया जा रहा है। इससे चीन में इस क्षेत्र के विशेषज्ञ तैयार हुए हैं। पश्चिमी कंपनियों को आशंका है कि जिन तकनीक से चीन को वंचित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, संभव है कि उन्हें खुद निर्मित करने में चीनी विशेषज्ञ सक्षम हो जाएं।

# अविभाजित कोरिया जिले में प्रशासन की नाकामी फिर आई सामने, कोयला चोरी के बाद अवैध रेत का कारोबार भी जोरशोर से हुआ शुरू

» प्रशासन भी अवैध कारोबारियों के सामने हुआ बेबस,खुलेआम चोरी और तस्करी जारी

» हरचौका में भाजपा नेताओं ने रेत उत्खनन कर रहे मशीन को कराया बंद, मौजूद रहकर की कार्यवाही की मांग




- रवि सिंह -
एमसीबी/बैकुण्ठपुर 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

अविभाजित कोरिया जिले में कोयला चोरी के बाद अब रेत के अवैध उत्खनन का मामला सामने आ रहा है जहां एमसीबी जिले के दूरस्थ विकासखण्ड भरतपुर के हरचौका में अवैध तरीके से भारी मात्रा में रेत उत्खनन किया जा रहा था जिसे सूचना मिलने पर भाजपा नेताओं ने बंद कराया और मशीन चला रहे मशीन चालक को मशीन से उतारकर रेत उत्खनन करने से मना किया। अविभाजित कोरिया जिले में प्रशासन पूरी तरह अवैध कारोबारियों के सामने नतमस्तक है और अवैध कारोबारियों को कानून का जरा सा भी भय नहीं है यह लगातार देखा जा रहा है जिसका उदाहरण लगातार देखने को मिल रहा है कहीं कोयला चोरी बड़े पैमाने पर जारी है कहीं रेत का अवैध उत्खनन कर अवैध कारोबारी अपनी जेबें भर रहें हैं कुल मिलाकर अविभाजित जिले में अराजकता का वातावरण कायम हो चुका है और प्रशासन नाम की कोई चीज रह ही नहीं गई है।

हरचौका में भाजपा नेताओं ने खुद जाकर अवैध रेत उत्खनन करने से जहां अवैध कारोबारियों को मना किया वहीं वह बहोत देर तक डटे रहे और निगरानी करते रहे कि अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर कार्यवाही हो सके और रेत का अवैध उत्खनन बंद हो सके। अविभाजित जिले में हाल ही के दिनों में कोयला चोरी की खबरों से प्रशासन की नाकामी सामने आ रही थी और अब रेत मामले में भी नाकामी सामने आ रही है और जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति समझी जा सकती है। जिले में खनिज संसाधनों की प्रचुरता है और खनिज संसाधनों पर ही अवैध कारोबारियों की निगाहें भी टिकी हुई हैं,अवैध कारोबारी जिलेभर में अपना जाल फैलाये हुए हैं और जिले का खनिज चोरी कर वह अन्य राज्यों में ले जाकर महंगे दामों में बेच रहें हैं और अपनी जेबें गर्म कर रहें हैं।

### जिले में खनिज संसाधनों का अवैध रूप से उत्खनन व परिवहन वर्षों से जारी है

अविभाजित कोरिया जिले में खनिज संसाधनों की प्रचुरता है और इसी पर अवैध कारोबारियों की नजर भी है,जिले में कई दशकों से अवैध खनिज संसाधनों का उत्खनन एवम उसका परिवहन जारी है जिसपर कभी रोक नहीं लग सकी जो बार बार देखने और सुनने को मिलता है जब इसकी तस्वीरें सामने आती हैं। जिले को जहां अवैध कारोबारी अपने लाभ के लिए खोखला कर रहें हैं वहीं राजस्व में भी ऐसे अवैध कारोबारी सेंध लगाने का काम कर रहें हैं और बिना राजस्व दिए ही वह खनिज अन्य राज्यों तक ले जाकर बेच रहें हैं। पुरवर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल की बात हो या वर्तमान की कार्यरत सरकार का सभी के कार्यकाल में यह कारोबार फलता फूलता रहा है और इसको संरक्षण मिलता रहा है। विगत चार वर्षों में इस अवैध कारोबार को ज्यादा बल मिला है यह भी कहना गलत नहीं होगा।

### अवैध कारोबारियों को सभी सरकारों में मिला संरक्षण, जमकर लुटा जा रहा है जिले का खनिज संसाधन-

अविभाजित कोरिया जिले में अवैध कारोबारियों को सभी सरकारों में जिले की खनिज संपदाओं को लूटने का भरपूर मौका मिला है जिले के जनप्रतिनिधियों को भी मामले में हमेशा मौन ही देखा गया है,अवैध कारोबार को लेकर किसी भी सूचना पर जिले के जनप्रतिनिधी कभी गंभीर नजर नहीं आये और उन्हें अवैध कारोबार को बंद हो इस हेतु कोई प्रयास करते नहीं देखा या सुना गया। कुलमिलाकर सभी की सहमति अवैध कारोबार को लेकर सामने नजर आई और यह कारोबार फलता फूलता रहा।

### सरकारों की कथनी व करनी में हमेशा अंतर देखने को मिला

अविभाजित कोरिया जिले में किसी की भी सरकार क्यों न रही हो,सभी के कथनी और करनी में फर्क दिखा है और खासकर अवैध कारोबार को लेकर किसी भी सरकार ने कोई ठोस निर्णय लिया हो यह कभी नजर नहीं आया है। विकास की बात करने वाली सरकारों के कार्यकाल में आम लोगों का विकास हुआ हो या न हुआ हो अवैध कारोबारियों का विकास जरूर हुआ है साथ ही उन जनप्रतिनिधियों का उन प्रशासन के लोगों का विकास हुआ है जो आम लोगों के लिए अलग धारणा लेकर चलते हैं और अवैध कारोबारियों से जिनके मधुर संबंध रहते हैं।



# पिछड़ा वर्ग कांग्रेस की बैठक विश्रामगृह प्रेमनगर में हुई संपन्न

- संवाददाता -
सूरजपुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पिछड़ा वर्ग कांग्रेस की बैठक विश्रामगृह प्रेमनगर में जिलाध्यक्ष महेंद्र साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री साहू ने उपस्थित लोगों को बताया की पूरे जिले में कार्यकारणी का गठन किया जा रहा है। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने ब्लाक स्तर पर भी कार्यकारणी का गठन कर पिछड़ा वर्ग को एकजुट कर मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा ताकि कांग्रेस पार्टी को और भी मजबुत बनाया जा सके पूरे प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या 52 प्रतिशत है इसलिए हमे एकजुट हो कर कार्य करने की जरूरत है। बैठक में प्रदेश महामंत्री मेहंदी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनारायण गुप्ता ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछड़ा वर्ग कांग्रेस को गठन इसलिए किया है क्योंकि हमारी जनसंख्या प्रदेश में ज्यादा है और आज छत्तीसगढ़ में सरकार को बनाने में हमारी बहुत बड़ी योगदान है इसलिए हम सभी पिछड़ा वर्ग के लोगों को एकजुट होकर सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। इस बैठक में जयराम साहू, तुलसी यादव,आलोक साहू, मुन्ना जायसवाल, लक्ष्मी साहू, अशोक देवांगन,अनिल जायसवाल, पवन दीवान, राधे साहू, राजेश साहू,रामसरीवन, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**पिछड़ा वर्ग को एकजुट कर मजबूत बनाने का किया जाएगा प्रयास = महेंद्र साहू**

# छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा बॉर्डर ठिसकोली मे नगर सैनिक से मारपीट मामला सामने आया





ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता मनेंद्रगढ़, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़ चिरिमिरी भरतपुर नवीन ज़िले दूरस्थ वनांचल क्षेत्र तहसील कोटाडोल के अंतर्गत ग्राम ठिसकोली छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश की बॉर्डर से अवैध धान की आवाजाही को रोक लगाने के लिए बॉर्डर में लगाए गए चेक पोस्ट पर ड्यूटी पर तैनात नगर सैनिक पर अज्ञात पिकअप सवार के द्वारा किया गया हमला।कोटाडोल थाना क्षेत्र का मामला।



जहां पर मध्यप्रदेश से अवैध धान की आवाजाही को रोक लगाने के लिए बॉर्डर में चेक पोस्ट लगाया गया था वहां ड्यूटी पर तैनात एक नगर सैनिक को रात्रि के वक्त करीब आठ बजे से नौ बजे के आसपास एक पिकअप वाले ने नाका के अंदर घुसकर उस नगर सैनिक पर डंडे से प्रहार कर नाका खोल पिकअप लेकर फरार हो गया। जिसकी शिकायत पुलिस थाना कोटा डोल में नगर सैनिक ललित टोप्पो के द्वारा फोन पर देना बताया लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया कारण क्या है इसका अब तक पता नहीं चला पाया है कि एक नगर सैनिक के ऊपर अज्ञात लोगों के द्वारा डंडे से मारकर नाका खोल के चले जाने की जानकारी पुलिस को दी गई है पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

इसके संबंध में नगर सैनिक से बात की तो उसका कहना था कि रात के करीब 8ः00 बजे मैं खाना खाने जा रहा था तभी एक पिक अप आया और बोला नाका खोलने के लिए मैंने कहा मैं खाना खाने बैठा हूं 2 मिनट रुक जाओ उसके बाद मैं बैरियर गाड़ी चेक करके खोल दूंगा इतने में ही एक व्यक्ति पिकअप से उतर कर अंदर नाका में घुस गया और डंडे से मार कर भाग गया।

घटना की जानकारी को लेकर एसडीओपी राकेश कुमार कुर्रे के द्वारा बताया गया कि इस सम्बंध में थाना कोटाडोल से जांच रिपोर्ट लिया जायेगा और उसमें जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

कोटाडोल तहसीलदार विप्लव श्रीवास्तव के द्वारा छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश बॉर्डर ठिसकोली मे बैरियर का रात्रिकालीन निरीक्षण किया गया पुलिस जवानों और समस्त स्टाफ का मनोबल बढ़ाने चेक पोस्ट ठिसकोली में ही रात्रि विश्राम किया और जवान ललित कुमार टोप्पो से घटना की जानकारी ली। साथ ही थाना प्रभारी कोटाडोल को तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया।

# बाल सुरक्षा सप्ताह का हुआ गरिमामय समापन



- संवाददाता -
एमसीबी/बैकुण्ठपुर 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

पुलिस परेड ग्राउंड बैकुंठपुर में रविवार को बाल सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। 14 नवंबर बाल दिवस के दिन से प्रारंभ होने वाले इस सप्ताह के अंतर्गत कोरिया पुलिस द्वारा विभिन्न स्कूल /कॉलेजों में जाकर छात्रों को उनके अधिकार व सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही विद्यालयीन छात्रों को पुलिस थाने का भ्रमण करा कर थाने से संबंधित विविध गतिविधियों से अवगत कराया गया। समापन समारोह के अवसर पर छात्रों हेतु निबंध, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही खेलकूद की गतिविधियों में 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़ एवं जलेबी दौड़ का आयोजन किया गया जिनके विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के हाथों प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किया गया।

समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन के दौरान शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए खेल से जुड़े रहना अत्यंत लाभकारी है। साथ ही बाल सुरक्षा सप्ताह के आयोजन में अपनी सहभागिता निभाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दिए। उक्त समापन समारोह कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया रोहित झा, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती कविता ठाकुर, श्याम मधुकर, विभिन्न थाना क्षेत्रों के थाना प्रभारी गण, रक्षित निरीक्षक रमेश पुरैना के साथ प्राचार्य रंजना नीलिमा कच्छप, एनसीसी अधिकारी संजीव जायसवाल, पीटीआई गण, विभिन्न संस्थाओं से आए शिक्षक एवं छात्रावास अधीक्षक के साथ विद्यालयीन/महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी नगर में साफ-सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

» अधिकारियों को नालियों की नियमित साफ-सफाई और मरम्मत कराने के निर्देश

» शहर की साफ-सफाई और कचरों के निपटान में कोताही बर्दाश्त नहीं

» मनेन्द्रगढ़ बस स्टैण्ड के समीप पसरी गंदगी देख नाराज हुए कलेक्टर





ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता मनेंद्रगढ़
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर , 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर पी.एस. ध्रुव आज सुबह मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने मनेन्द्रगढ़ में बस स्टैण्ड इलाके में जगह-जगह पसरी गंदगी को देखकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को तत्काल साफ-सफाई कराने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि साफ-सफाई नियमित रूप से हो, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने सूखे और गीले कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण कराने और उसे एसएलआरएम सेंटर भेजवाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने खेड़िया टॉकिज चौराहा, साई मंदिर चौहारा, बस स्टैण्ड चौक, स्टेशन रोड सहित अन्य इलाकों का पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का मुआयना किया।

कलेक्टर श्री ध्रुव इसके पश्चात् चिरमिरी पहुंचे और नगर निगम कार्यालय के आस-पास के इलाकों सहित हल्दी बाड़ी, साडा कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी चौराहा, बड़ा बाजार थाना परिसर, साप्ताहिक बाजार में पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का मुआयना किया। उन्होंने चिरमिरी में साडा कॉम्प्लेक्स से लेकर सेंट्रल बैंक तक नाली की अच्छे से साफ-सफाई कराने, बस स्टैण्ड के समीप पड़े कचरे का तत्काल उठाव व सामुदायिक शौचालय की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। चिरमिरी के साप्ताहिक बाजार में बने चबूतरों की मरम्मत कराने तथा वहां निर्मित शौचालय को शुरू करवाए जाने के निर्देश निगम कमिश्नर श्री विजेन्द्र सारथी को दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने लाहिड़ी कॉलेज के पास बने सामुदायिक शौचालय की मरम्मत कराने तथा उसके आस-पास उगी झाड़ियों को कटवाने के साथ ही पानी निकासी के लिए नालियों की साफ-सफाई व मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

# राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों की बैठक जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने ली

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



नगर निगम क्षेत्र के राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों की बैठक जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव के मुख्य आतिथ्य,श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष शफी अहमद की अध्यक्षता में हुई। विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा, राजीव युवा मितान क्लब के जिला संयोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह,हेमन्त तिवारी, सैय्यद अख्तर,दुर्गेश गुप्ता,आशीष वर्मा थे।

जिपं अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने युवा मितानो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पारंपरिक खेलो को बढ़ावा देने के लिए अहम कदम उठाया है।अपने वार्ड में युवाओ को जोड़ने के बेहतर माध्यम है। हर वार्ड में बीस से तीस लोगो की टीम है,आप सब मिलकर बेहतर कार्य कर सकते हैं।योजना के तहत एक वर्ष में 4 किश्तों में एक लाख रुपये मिलना है।पचास प्रतिशत राशि खेल पर, 30त्तसांस्कृतिक गतिविधियों में और बीस प्रतिशत अन्य कार्यों में व्यय किया जाना है। उन्होंने वार्डो में रक्तदान शिविर आयोजित करने प्रोत्साहित किया।रक्तदान शिविर के लिए सारी व्यवस्था रेडक्रॉस से की जाएगी। श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि युवा मितान सरकार के अंग है।सरकार के योजनाओं से वार्ड के लोगो को जोड़ने की जिम्मेवारी आपकी है। उन्होंने निगम के अधिकारियों निर्देशित किया रायुमि क्लब की आगामी गतिविधियों की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने क्लब के उद्देश्य और गठन की प्रक्रिया की जानकारी दी। संचालन नीतीश चौरसिया एवम निक्की खान और आभार प्रदर्शन रजनीश सिंह ने किया। इस दौरान उत्तम राजवाड़े, गुरप्रीत सिद्धू, शुभम जायसवाल,अविनाश ठाकुर, चन्द्र प्रताप सिंह, निखिल विश्वकर्मा, राजा तिवारी, विकास केशरी सहित राजीव युवा मितान क्लब से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

सिंहदेव उठाएंगे ड्रेस का खर्च

राजीव युवा मितान क्लब के जिला संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया क्लब के सदस्यों को गणवेश के रूप में टी-शर्ट दिया जाना है। टी शर्ट का खर्च क्लब को वाहन करने का प्रावधान है। इसकी जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने अंबिकापुर शहर के राजी हुआ मितान के सभी 12 सौ 66 सदस्यों को अपनी ओर से टीशर्ट प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने क्लब की गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## फूड पॉइजनिंग के शिकार हुए 04 बच्चे, अस्पताल में उपचार जारी

- संवाददाता -
कोरबा, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा रिसदी के चार बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए. उन्हें कोरबा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया । बताया जा रहा है कि ये बच्चे पिता के साथ किराए के मकान में रहते हैं । रिसदी में रहकर पढ़ाई कर रहे थे ।. बच्चों ने सिगड़ी में खाना बनाया और स्कूल जाने से पहले सबने खाना खाया. इसके कुछ देर बाद अचानक चारों की तबीयत बिगड़ने लगी । दो लोगों को उल्टी हुई वहीं दो लोगों को चक्कर आने लगे । बच्चों ने किसी तरह अपने पिता को फोन लगाया. बाद में मौके पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए बच्चों को अस्पताल भिजवाया गया । फिलहाल मेडिकल कॉलेज में इनका इलाज चल रहा है । डॉक्टरों का मानना है कि अलग-अलग कारणों से कई मौकों पर सब्जी और अन्य चीजों का उपयोग करने के बाद लोग फूड पॉइजनिंग जैसी घटनाओं का शिकार हो जाते हैं । लोगों को सलाह दी जा रही है कि खासतौर पर ठंडी के सीजन में सब्जियों का उपयोग करने से पहले उन्हें बेहतर तरीके से छांटने के साथ उबाल लें. ऐसा करने से नुकसान की गुंजाइश नहीं रहेगी ।





# जिला स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



- संवाददाता -
रामानुजगंज 20 नवंबर 2022 (घटती घटना)

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने रामानुजगंज विधायक को ज्ञापन सौपते हुए वेतन विसंगति दूर करने की मांग की है। संघ का कहना है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेश पार्टी के द्वारा अपने घोषणापत्र में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों का वेतन विसंगति दूर करने की जिक्र किया गया था लेकिन लगभग 4 साल का समय बेटित होने के बाद भी आज तक इस विषय पर कोई उचित पहल नहीं की गई। इसी विषय को लेकर आज रामानुजगंज विधानसभा के विधायक बृहस्पति सिंह को ज्ञापन सौपते हुए किए गए वादों को तत्काल पूर्ण करने का आग्रह किया गया है। वैसे प्रदेश स्तर संगठन के आवाहन पर पूरे छत्तीसगढ़ में विधायकों एवं मंत्रियों को ज्ञापन सौपते हुए किए गए वादों को पूर्ण करने की मांग की जा रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार ब्लॉक अध्यक्ष सुनिल गुप्ता,अनिल यादव,धर्मेंद्र रवि अजय मिंज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने भारतीय नौसेना प्रश्नोत्तरी थिंक प्रतियोगिता में चयनित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के दो विद्यार्थियों को दी बधाई

- संवाददाता -
कोरबा, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।







भारतीय नौसेना प्रश्नोत्तरी थिंक प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के दो छात्रों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इन दोनों छात्रों की टीम को देश के शीर्ष 16 टीमों के रूप में चुना गया है। प्रतियोगिता में देशभर के 7500 स्कूलों ने भाग लिया था। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पंप हाउस कोरबा के दो छात्र खुशी चौहान और आदित्य साहू ने दो एलिमिनेशन राउंड और क्वार्टर फाइनल राउंड में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया। खुशी चौहान कक्षा 12 वीं में जीव विज्ञान और आदित्य साहू कक्षा-11 वीं में गणित विषय के छात्र हैं। इनका चयन कारवार में 23 नवंबर को विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर निर्धारित सेमीफाइनल के लिए शीर्ष 16 टीमों में हुआ है। यह आयोजन छात्रों के जीवन सबसे यादगार और अनूठी घटनाओं में से एक होगा। इन विद्यार्थियों को नौसेना के जीवन के तरीकों का अनुभव करने और नौसेना नेतृत्व के साथ बातचीत करने का अनूठा अवसर भी मिलेगा। भारतीय नौसेना एक गाइड एक शिक्षक के साथ दोनों छात्रों के लिए यात्रा, आवास और बोर्डिंग का खर्च उठाएगी। यह दोनों विद्यार्थी 20 नवंबर को रायपुर से फ्लाईट से गोवा जाएंगे। सेमीफाइनल और फाइनल राउंड के लिए गोवा से आईएनएस विक्रमादित्य एयरक्राफ्ट के कैरियर पर यात्रा आयोजित की जाएगी। दोनों विद्यार्थी कन्नूर एयरपोर्ट से 27 नवंबर को रायपुर के लिए रवाना होंगे। इनकी सफलता के पीछे शिक्षिका श्रीमती जूही कुरैशी और सुश्री दीप्ति पाण्डेय का महत्वपूर्ण योगदान है। कोरबा कलेक्टर संजीव झा ने दोनों छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि शासन की प्राथमिकता अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के स्कूली छात्रों का चयन होना गौरव की बात है। चयनित दोनों विद्यार्थियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए उन्होंने पहले से ही तैयारी की थी। प्रतियोगिता के पहले तीन चरण में आनलॉइन परीक्षा ली गई, जिसमें 10 मिनट में 30 सवालों के जवाब दिए।

## मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना से अब तक 1 लाख 77 हजार से अधिक लोगों को मिला निःशुल्क ईलाज

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक 1 लाख 77 हजार 552 लोगों को निःशुल्क ईलाज मिला है। इस योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा शहर के स्लम क्षेत्र के गली-मोहल्लों में शिविर लगाया जाता है जिससे लोगां को छोटी-छोटी बीमारी के ईलाज के लिए अस्पताल नहीं जाना पड़ता। नगर निगम अम्बिकापुर में 4 एवं नगर पंचायत सीतापुर व लखनपुर में एक एक मोबाइल मेडिकल यूनिट से कैम्प लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत जिले में कुल 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है। पांचों एमएमयू में प्रतिदिन औसतन 70 लोगों का स्वास्थ्य जांच सह उपचार किया जाता है।

# सबाग में जन चौपाल लगाकर डीडीसी अंकुश सिंह ने सुनी ग्रामीणों की समस्या





- संवाददाता -
कुसमी, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

ज़िला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह ने विकासखंड के दूरस्त अंचल के सबाग ग्राम पंचायत में जन चौपाल लगाया ,चौपाल में अंकुश सिंह के द्वारा अपने ज़िला पंचायत क्षेत्र सबाग में बुजुर्ग माताओं का पैर धोकर उन्हें कंबल वितरित किया, साथ ही ज़लज़ली , सबाग , नवाडीह, चलचलचुवा सहित आसपास के सभी ग्राम पंचायत के बुजुर्ग मताओ सहित बुजुर्गों लोगो को करीब 150 की संख्या में कंबल और पार्टी के वरिष्ठ जनों को गमछा देकर उनसे आशीर्वाद लिया, अंकुश सिंह ने सबाग में दुर्गा पंडाल में अपने मद में शेड निर्माण का वादा भी किया,और ग्रामवासियों के द्वारा पानी की समस्या के बारे में जिला पंचायत सदस्त को अवगत कराया गया,जिसपर जल्द ही पानी की समस्या का निराकरण करने का आश्वासन ग्रामवासियों को दिया ,कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सबाग सरपंच कैलासो बाई, गदामी सरपंच , चटनियाँ सरपंच, टाटीझारिया उपसरपंच महेंद्र यादव , सांसद प्रतिनिधि अमर दयाल यादव , रामानन्द यादव , विवेक यादव , रामस्कल यादव , संतोष यादव, सहित सैकडो की संख्या में ग्रामवासी शामिल हुये।



# आमआदमी पार्टी के लोगो नें बाटा ग्राम में किया बैठक

- संवाददाता -
कुसमी, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आमआदमी पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयो नें 19 नवम्बर के दिन सामरीपाठ के बाटा ग्राम में सर्किल स्तरीय बैठक किया, जहाँ पर आम आदमी पार्टी के सकील अंसारी सामरी विधानसभा के सतीश घाट संतोष राम,हजला अंसारी के साथ बैठक की अध्यक्षता बाटा ग्राम के वरिष्ट समाजसेवी डेमना राम नगेशिया के द्वारा किया गया, बैठक मे सभी गांव में बुथ ईकाई को मजबुत करने का निर्णय लिया गया ,वही सामरी पाठ मे पेयजल सडक बिजली स्वास्थ सुविधा के बारे में चर्चा की गई और आम आदमी पार्टी के लोगो नें जनसरोकार के मुद्दे को उठाने के साथ-साथ आम आदमी पार्टी को मजबुत करनी की चर्चा इस बैठक में की,







# जल जीवन मिशन के तहत हुआ प्रशिक्षण,जल है जीवन का आधार कलेक्टरःइफ्फत आरा

- संवाददाता -
सूरजपुर, 20 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जल जीवन मिशन छत्तीसगढ़ के द्वारा ग्राम पंचायत स्तरीय हित धारकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर सूरजपुर की मुख्य आतिथ्य में शुरू किया गया । चार दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना को हर घर नल से जल का क्रियान्वयन करना है।

मुख्य अतिथि उद्बोधन में कलेक्टर सूरजपुर इफ्फत आरा ने कहा जीवन में जल का महत्व इस प्रकार है, जिस प्रकार शरीर में आत्मा का है उसी प्रकार हमें नल से जल पहुंचाने के कार्य को मिलकर करना होगा । जिसमें वीडब्लूएससी ग्राम समिति का एक महत्वपूर्ण दायित्व है । इसे समय सीमा में पूरा करना है,ग्राम को शत-प्रतिशत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति में समिति का एक बहुत बड़ा रोल है । जिसको पूरा करने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता थी जो प्रशिक्षण उस विषय को लेकर कराया आ रहा है








इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम ने कहा कि दुनिया की तमाम सभ्यताओं की शुरुआत पानी के किनारे हुई है पानी की शुद्धता ही जीवन का आधार है स्वच्छ जल से हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचते हैं साथ ही इस योजना के तहत हर घर नल से जल को समय सीमा में पूरा करके जिले का नाम अग्रणी श्रेणी में लाना है जिसके लिए हम सब की एक महती भूमिका है ।

लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अधिकारी एसबी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा किसी भी प्रकार की आ रही समस्या को समय रहते अवगत कराएं ताकि योजना के क्रियान्वयन में देरी न हो इसीलिए इस काम को मिशन मोड में चलाया जा रहा है जिले की पहली प्राथमिकता लोगों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है साथ ही जल का सही भंडाराण और उसका सही उपयोग पर भी जोर देना है। सूरजपुर जिले के 16 ग्राम पंचायतों के जल प्रतिनिधि उपस्थित हुए एवं सक्रियता से प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया ।

जिले में उक्त प्रशिक्षण फैसिलिटेशन एंड अवेयरनेस ऑफ कम्युनिटी फॉर एंपावरमेंट (फेस) संस्था के माध्यम से दिया जा रहा है।

# भारत ने 65 रन से जीता दूसरा टी 20

## » सूर्य कुमार की शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के आगे पस्त हुई न्यूजीलैंड

**मेलबर्न, 20 नवम्बर 2022।** भारतीय बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दम पर भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में जीत हासिल कर सीरीज में बढ़ बना ली है। भारत के गेंदबाजों ने भी दमदार प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत भारतीय टीम ने जीत हासिल की है। टी20 सीरीज में भारत ने 1-0 से बढ़त बना ली है।

भारत के 191 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम अपने ही घर में भारतीय गेंदबाजों के सामने नहीं टिक सकी। पहले ही ओवर में न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत की। पहला विकेट फिन एलेन का पहले ही ओवर में गिरा। भुवनेश्वर कुमार ने भारत को ये सफलता दिलाई। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम काफी धीमी गति से रन बनाती दिखी। भारतीय टीम के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को खुलकर बल्लेबाजी करने का मौका नहीं दिया।



न्यूजीलैंड की पारी को संभालते हुए केन विलियमसन ने काफी धीमी गति से अर्धशतक जड़ा। केन विलियमसन ने 52 गेंदों में 61 रन की पारी खेली, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। अंतिम चार ओवरों में न्यूजीलैंड की टीम को चार विकेट हाथ में रहते हुए 90 रनों की दरकार थी। इस मैच में भारतीय गेंदबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को खुलकर बल्लेबाजी करने का मौका नहीं दिया। दीपक हुड्डा ने चार, युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज ने दो दो विकेट हासिल किए। भारतीय गेंदबाज लगातार न्यूजीलैंड के विकेट चटकाते गए जिससे न्यूजीलैंड की टीम को मैच पर पकड़ बनाने का मौका ही नहीं मिला।

### ऐसा रहा भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन

मैच में गेंदबाजों में सबसे दमदार प्रदर्शन दीपक हुड्डा ने किया है। दीपक हुड्डा का रहा जिन्होंने 2.5 ओवर में मात्र 10 रन देकर न्यूजीलैंड की टीम के 4 विकेट चटकाए। गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने 3 ओवर में 12 रन देकर 1 विकेट झटका। अर्शदीप सिंह ने तीन ओवर में 29 रन दिए, मगर उनके खाते में कोई विकेट नहीं आया। मोहम्मद सिराज ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। उनके अलावा वाशिंगटन सुंदर ने 2 ओवर फेंककर 24 रन दिए। उनकी झोली में भी 1 विकेट आया। वहीं लंबे समय बाद वापसी कर रहे युजवेंद्र चहल ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

# युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप:विश्वनाथ,वंशज सहित आठ भारतीय मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में

**ला नूसिया , 20 नवम्बर 2022।** गत एशियाई युवा चैंपियन विश्वनाथ सुरेश और वंशज सहित आठ मुक्केबाजों ने स्पेन के ला नूसिया में चल रही युवा पुरुष एवं महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेन्नई के विश्वनाथ (48 किग्रा) ने इटली के अत्राबियो सल्वाटोर के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। सोनीपत के वंशज (63.5 किग्रा) ने भी अपनी ताकत और तकनीकी दक्षता का नजारा पेश करते हुए स्पेन के काकुलोव एनरिक को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



जादुमनी और आशीष ने क्रमशः स्पेन के जिमिनेज एसियर और फिलीपीन्स के पामिसा एजेय को हराया जबकि दीपक ने अर्जेन्टीना के लेइवा एंटोनियो को हराया। महिला वर्ग में भावना शर्मा (48 किग्रा) औरएशियाई युवा चैंपियन तमन्ना (50 किग्रा) ने क्रमशः पोलैंड की ओलीविया जुजाना और फिनलैंड की पिय जारविनेन के खिलाफ अपने अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। जी देवी ने 54 किग्रा वर्ग में रोमानिया की अना मारि रोमानतोव को 5-0 से शिकस्त दी। अमन राठौड़ (67 किग्रा) शिकस्त झेलने वाले एकमात्र भारतीय मुक्केबाज रहे। उन्हें इराक के यूसिफ हुसैन के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के छठे दिन दो पुरुष मुक्केबाजों सहित भारत के पांच मुक्केबाज प्री क्वार्टर फाइनल में चुनौती पेश करेंगे। महिला वर्ग में देविका घोरपड़े (52 किग्रा), प्रीति दहिया (57 किग्रा) और महक शर्मा (66 किग्रा) चुनौती पेश करेंगी जबकि पुरुष वर्ग में साहिल चौहान (71 किग्रा) और भरत जून (92 किग्रा) रिंग में उतरेंगे।

# पुजारा को आखिर मिली अर्जुन पुरस्कार ट्राफी

**नयी दिल्ली,20 नवम्बर 2022।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को अर्जुन पुरस्कार के लिये सिफारिश किये जाने के पांच साल बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया।



पुजारा अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण 2017 में पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। ाखिरकार यहां 'हैंड ओवर' (पुरस्कार सुपुर्द) समारोह में उन्हें ट्रॉफी उठाने का मौका मिला।

खेल मंत्री से अनुराग ठाकुर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उन्होंने ट्वीट किया, बीसीसीआई और अनुराग ठाकुर को बाद में अर्जुन पुरस्कार सौंपने के लिये यह सम्मान आयोजित करने के लिये धन्यवाद। इसे मैं अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण उस साल ले नहीं पाया था। इसे लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आभारी हूं।

पुजारा सौराष्ट्र के लिये घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, वह विजय हजारे ट्राफी के लिये राजधानी दिल्ली में हैं। वह भारत ए टीम का हिस्सा होंगे जो अगले महीने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये बांग्लादेश का दौरा करेगी। पुजारा ने काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में वापसी की, वह 96 टेस्ट खेल चुके हैं।

# इन स्टेडियमों में खेले जाएंगे फीफा विश्व कप 2022 के मुकाबले

**दोहा, 20 नवम्बर 2022।** कतर में हो रहे फीफा विश्व कप की शुरुआत हो चुकी है। फीफा विश्व कप का आयोजन 28 दिनों तक होगा जिसमें कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी। इस दौरान कुल 64 मुकाबले खेले जाएंगे। इन मुकाबलों को जिन शानदार स्टेडियमों में खेला जाना है आइए आपको बता हैं उन स्टेडियम की खासियत।



### अल बयात स्टेडियम

अल बयात स्टेडियम फीफा विश्व कप के मद्देनजर काफी खास है क्योंकि 14 दिसंबर को होने वाले सेमिफाइनल मुकाबले को इसमें खेला जाएगा। इसके अलावा फीफा विश्व कप की शुरुआत यानी विश्व कप में कतर और इक्वाडोर के बीच होने वाला पहला मुकाबला इसी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस स्टेडियम की क्षमता 60 हजार है। बता दें कि ये विश्व कप का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम है।

### दोहा स्थित खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम

दोहा में स्थित खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण वर्ष 1976 में किया गया था। इस स्टेडियम में विश्व कप के आयोजन से पहले एशियाई खेलों, अरेबियन गल्फ कप और एएफसी एशियन कप समेत कई प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन हो सकता है। इस स्टेडियम की क्षमता 40 हजार की है। जानकारी के मुताबिक इस स्टेडियम का नाम कतर के पूर्व अमीर खलीफा बिन हमद अल थानी पर रखा गया है।

### एजुकेशन सिटी स्टेडियम

40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम का नाम एजुकेशन सिटी स्टेडियम है। इस स्टेडियम को कोविड 19 के दौरान फ्रंट-लाइन हेल्थकेयर पेशेवरों को सम्मानित करने के लिए खोला गया था।

### स्टेडियम 974

इस स्टेडियम को 30 नवंबर को 2021 को खोला गया है। ये स्टेडियम 40 हजार की क्षमता वाला है। बता दें कि इस स्टेडियम को वर्ल्ड कप के बाद नष्ट कर दिया जाएगा।

### अल जानूब स्टेडियम

इस स्टेडियम में पहला मैच 22 नवंबर को फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। इस स्टेडियम की क्षमता 40 हजार दर्शकों की है।

### अल थुमामा स्टेडियम

अल थुमामा स्टेडियम दोहा में है। यहां आमिर कप का फाइनल मुकाबला खेला गया था, जिसका आयोजन 2021 में हुआ था। ये स्टेडियम 40 हजार दर्शकों को बैठाने की क्षमता रखता है। इस स्टेडियम को कतर के वास्तुकार इब्राहिम एम जैदाह ने मध्य पूर्व में पुरुषों और लड़कों द्वारा पहने जाने वाले पारंपरिक तकियाह हेडकैप से प्रेरित होकर बनाया था।

### अहमद बिन अली स्टेडियम

वर्ष 2003 में बना अहमद बिन अली स्टेडियम अल रेयान में स्थित है। वर्ष 2020 में इस स्टेडियम में आमिर कप फाइनल का मुकाबला खेला गया था। इसके बाद से इसे दर्शकों के लिए खोला गया है। इस स्टेडियम में छह ग्रुप स्टेज के मुकाबले खेले जाएंगे। इस स्टेडियम में भी 40 हजार दर्शक मौजूद रह सकते है।

# जल्द ही शुरू होने जा रही है टाइगर और अक्षय की फिल्म की शूटिंग

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मूवी बड़े मियां छोटे मियां काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई है। इस मूवी लेकर कई अपडेट सामने आए है। कभी इस मूवी को पोस्टपोन करने की खबर सुनने के लिए मिली है। तो कभी मूवी के बजट को लेकर खबरें वायरल हुई। अभी हाल ही में मूवी की लीड फीमेल एक्ट्रेस को लेकर भी एक अपडेट आया था। इसमें कहा गया था कि अक्षय कुमार की इस मूवी में बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर दिखाई देने वाली है। अब इन सब के उपरांत मूवी की शूटिंग को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया, जिसे जानने के बाद फैंस खुश हो जाएंगे।

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की लीड रोल वाली मूवी बड़े मियां छोटे मियां एक बार फिर से चर्चा में आ चुकी है। अक्षय कुमार की इस मूवी से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार अक्षय और टाइगर की मूवी बड़े मियां छोटे



मियां की शूटिंग आने वाले वर्ष यानी 2023 की जनवरी या फरवरी में शुरू होने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार अभी तक कोई डेट तय नहीं हुई है, लेकिन इसको लेकर जल्द बड़ा खुलासा हो सकता है। इस रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि फिल्म की शूटिंग के लिए सभी लोकेशन को चुन लिया गया है और फिल्म के डायरेक्टर अली अब्बास जफर ने स्क्रिप्ट और मूवी से जुड़े बाकी काम कर लिए है।

टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार की ये मूवी वर्ष 2023 में क्रिसमस को रिलीज होने वाली है। खबरों के मुताबिक इस मूवी में जाह्नवी कपूर भी दिखाई दे सकते है । जानकारी के लिए बता दें कि मूवी में नजर आने वाली अभिनेत्रियों को लेकर अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है। इस मूवी को मेकर्स हिंदी सहित पांच भाषाओं में रिलीज करने वाले है। लेकिन अभी मूवी की कोई रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

# निकिता रावल ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट

एक्ट्रेस निकिता रावल सोशल मीडिया पर अपना जलवा बिखेरने में कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। भले ही एक्ट्रेस निकिता रावल फिल्मों में कम नजर आई हो। लेकिन, उनकी हाफ न्यूड तस्वीरें फैंस के दिलों की धड़कनें जरूर बढ़ा देती हैं। वहीं, एक्ट्रेस निकिता रावल न्यूज पेपर लपेटे नजर आ रही हैं। निकिता रावल अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस का जलवा बिखेरने में कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल न्यूज पेपर की आउटफिट पहने नजर आ रही हैं। वहीं, एक्ट्रेस की तस्वीरें फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रही हैं। निकिता रावल की तस्वीरें देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं। वहीं, एक्ट्रेस इस आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस ने न्यूड होकर पत्तों के पीछे अपने बदन को ढककर फोटो शूट करवाया था। जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही थीं। खूबसूरत दीवा निकिता रावल हिट कॉमेडी फिल्म गरम मसाला में भी नजर आ चुकी हैं।



तस्वीरों को देखकर लोग कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही एक्ट्रेस का ये बोल्ड अंदाज देखकर हर कोई मदहोश है। एक्ट्रेस अपनी कातिलाना अदाओं से भरपूर तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। निकिता रावल साउथ के साथ बॉलीवुड में भी काम कर चुकी हैं। वो अनिल कपूर और शेफाली शाह के साथ फिल्म ब्लैक इन व्हाइट में नजर आई थीं। इसके साथ ही एक्ट्रेस निकिता रावल मिस्टर हॉट और मिस्टर कूल और द हीरो अभिमन्यु में भी काम भी काम कर चुकी हैं। निकिता रावल इंस्टाग्राम पर भी काफी पॉपुलर हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 971 के फॉलोवर्स हैं।



# बुर्ज खलीफा पर दिखा वरुण धवन और कृति सैनन की भेड़िया का ट्रेलर

वरुण धवन और कृति सैनन की फिल्म भेड़िया इन दिनों चर्चा में है। फिल्म आने वाले शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माता और स्टारकास्ट फिल्म का प्रमोशन करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में वरुण और कृति फिल्म के प्रमोशन के लिए दुबई पहुंचे हैं। यहां पर बुर्ज खलीफा पर भेड़िया का ट्रेलर फीचर किया गया। इससे प्रशंसकों के साथ ही दोनों सितारे भी काफी उत्साहित नजर आए।

शुक्रवार को वरुण और कृति ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें बुर्ज खलीफा पर भेड़िया का ट्रेलर नजर आया। इस दौरान फिल्म की टीम के साथ ही अन्य प्रशंसक भी वहां मौजूद थे। वरुण ने वीडियो के साथ लिखा, बुर्ज खलीफा पर भेड़िया का ट्रेलर। मैं इतना खुश हो गया था कि मैंने अपना फोन गिरा दिया। वहीं कृति ने लिखा कि बुर्ज खलीफा पर भेड़िया का ट्रेलर होना एक बड़ा पल है।

दिनेश विजान की फिल्म भेड़िया एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। फिल्म का ट्रेलर अक्टूबर में रिलीज किया गया था। ट्रेलर में दिखाया गया है वरुण के किरदार को एक भेड़िया काट लेता है। इसके बाद उनके शरीर में कुछ अजीबोगरीब बदलाव होते हैं। इन्हीं बदलावों को लेकर फिल्म में सस्पेंस और हास्य का दिलचस्प मेल बनाया गया है। फिल्म में अभिषेक बनर्जी भी नजर आएंगे। यह फिल्म 25 नवंबर को रिलीज होगी।

फिल्म के रिलीज हुए गानों ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। फिल्म का गाना ठुमकेश्वरी काफी चर्चित रहा। इस गाने में श्रद्धा कपूर भी गेस्ट अपीयरेंस में नजर आईं। श्रद्धा की उपस्थिति ने स्त्री 2 की पुष्टि कर दी है। बता दें दिनेश विजान की स्त्री 2018 में आई थी। इस फिल्म में राजकुमार राव, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी भी नजर आए थे। लंबे समय से इसके सीक्वल की चर्चा हो रही है।

2 नवंबर को सुपरस्टार शाहरुख खान को बुर्ज खलीफा से जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई थीं। इससे पहले भी कई बार शाहरुख को उनके जन्मदिन पर बुर्ज खलीफा से बधाई दी गई है। जन्मदिन के अलावा कुछ समय पहले शाहरुख एक विज्ञापन के लिए भी बुर्ज खलीफा पर नजर आए थे। बुर्ज खलीफा दुबई में स्थित दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है। ऐसे में इसपर फीचर होना किसी के लिए भी गर्व की बात होती है।

बुर्ज खलीफा दुबई में स्थित दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है। इसकी ऊंचाई करीब 830 मीटर है। इसका निर्माण 2004 में शुरू किया गया था और 2009 में यह इमारत बनकर तैयार हो गई थी। 2010 में इसका उद्घाटन किया गया था।













# रायपुर एयरपोर्ट में बढ़ेगी फ्लाइट की संख्या

## दूसरे रनवे के लिए भूमि आरक्षित करेगी सरकार



**रायपुर,20 नवम्बर 2022(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। सीएम निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि रायपुर एयरपोर्ट में फ्लाइट की संख्या बढ़ाने के लिए दूसरे रनवे के लिए राज्य सरकार भूमि आरक्षित करेगी।
इसके लिए केंद्र से अनुमति हेतु प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रायपुर एयरपोर्ट के पास ऐरोसिटी विकास हेतु प्रक्रिया प्रारंभ करें। बता दें कि आज मुख्यमंत्री ने बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, आवास एवं पर्यावरण, एनआरडीए के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।
मुख्यमंत्री ने नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों से कहा कि अवैध निर्माण के नियमितीकरण के कार्य में तेज़ी लाए। इसका जनता के बीच व्यापक प्रचार प्रसार करें । उन्होंने कहा कि जनता को सीधा लाभ पहुँचाने के लिए कानून लाया गया है । इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए वार्ड स्तर, ग्राम स्तर पर कैंम्प लगाए जाएँ।
नगर तथा ग्राम निवेश विभाग को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कॉलोनी के लेआउट और मार्ग संरचना के अनुमोदन का काम समय सीमा में पूर्ण करें। अवैध कॉलोनाइजर पर सख्त कार्यवाही करें। एफ़आईआर दर्ज की जाए। मुख्यमंत्री ने नया रायपुर में सेवा ग्राम निर्माण का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों को सड़क मरम्मत के लिए 147 करोड़ रुपए जारी करते हुए कहा कि कलेक्टरों को सड़क मरम्मत के लिए एजेंसी चयन के अधिकार होंगे। उन्होंने शहरों की ख़राब सड़कों की मरम्मत तत्काल करने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कलेक्टर और निगम आयुक्त स्वयं सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें।

# भाजपा प्रत्याशी नाबालिग से रेप और देह व्यापार के आरोपी

### » सीएम भूपेश ने भी ट्वीट कर कही यह बात

**रायपुर,20 नवम्बर 2022(ए)।** भानुप्रतापपुर भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर रेप के गंभीर आरोप लगा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज प्रकरण को छिपाया है।भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने जिसे प्रत्याशी बनाया है, वह नाबालिग से बलात्कार और देह व्यापार में धकेले जाने का आरोपी है। कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस में यह खुलासा किया है। भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ झारखंड में केस दर्ज है। पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के खुलासे के बाद अब सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर पूछा है कि किसके कहने पर शपथ पत्र में यह जानकारी छिपाई है।





अपने ट्वीट में भूपेश बघेल ने लिखा कि 15 साल की बच्ची के बलात्कार और देह व्यापार में धकेले जाने के मामले के एक अभियुक्त ब्रह्मानंद नेताम को सभाजपा ने भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है।भाजपा प्रत्याशी ने झारखंड में पॉक्सो एक्ट में दर्ज अपराध को निर्वाचन शपथ पत्र में किसके कहने पर छुपाया?
भाजपा के भानुप्रतापपुर उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर बलात्कार, सामुहिक बलात्कार, नाबालिक का देह शोषण, अनैतिक देह व्यापार में धकेलने का आरोप है। झारखंड के जमशेदपुर जिले के टेल्को थाने में दर्ज है। 15 -5-2019 को केस दर्ज हुआ, तब झारखंड में भाजपा की रघुवर दास की सरकार थी।

# मंत्री कवासी लखमा की गाड़ी को बचाने आपस में ही भिड़ गईं काफिले की गाड़ियां




**रायपुर,20 नवम्बर 2022(ए)।** प्रदेश से अभी-अभी बड़ी खबर आ रही है। आबकारी मंत्री कवासी लखमा के काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गई। बताया जा रहा है कि मंत्री लखमा चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे, इसी दौरान ये हादसा हुआ है।
राहत की खबर यह है कि कार में सवार किसी को भी चोट नहीं आई है। मिली जानकारी के अनुसार घटना चारामा क्षेत्र के मचांदुर नाका क्षेत्र का है, जहां मंत्री कवासी लखमा की फॉलो गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। मंत्री कवासी लखमा भानुप्रतापुर उपचुनाव के उम्मीदवार के चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे, इसी दौरान उनके काफिले की गाड़ी मंत्री लखमा की गाड़ी को बचाने के चक्कर में आपस में ही भिड़ गई।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला का मुख्यमंत्री बघेल आज करेंगें उद्घाटन

**दिल्ली/ रायपुर,20 नवम्बर 2022(ए)** दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में लगाए गए छत्तीसगढ़ पवेलियन वर्तमान में देश व विदेश एवं दिल्ली वासियों के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है. छत्तीसगढ़ पवेलियन में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में एम्फी थियेटर में छत्तीसगढ़ राज्य दिवस का यह आयोजन 21 नवम्बर को किया जाएगा, जिसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ पवेलियन का भ्रमण कर स्टालों का अवलोकन करेंगे। छत्तीसगढ़ के पवेलियन में 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की झलक देखने को मिल रही है। पवेलियन में सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ को दिखाने का प्रयास किया गया है।



सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्यों की झलक दिखेगी। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ से आए लोक कलाकार गौर नृत्य, परब नृत्य, भोजली नृत्य, गेड़ी नृत्य, सुआ नृत्य, पंथी नृत्य और करमा नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

# छत्तीसगढ़ में बेटियों के खिलाफ बढ़ रही अनाचार की घटनाएं

### » प्रदेश सरकार की चुप्पी समझ से परेः भाजपा महिला मोर्चा

**रायपुर,20 नवम्बर 2022(ए)।** प्रदेश में बेटियां कांग्रेस के राज में सुरक्षित नहीं हैं। उनके खिलाफ आए दिन अनाचार की घटनाएं बढ़ते जा रही है। वहीं बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा में प्रदेश की कांग्रेस सरकार की चुप्पी समझ से परे है। यह कहना है भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, रायपुर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे व पार्षद,विश्वदिनी पांडेय का।




एकात्म परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव व भानुप्रतापपुर उपचुनाव के सह प्रभारी के द्वारा बलात्कार जैसे गंभीर अपराध में शामिल होना इस बात को प्रमाणित करता है कि प्रदेश में अपराध का ग्राफ लगातार क्यों बढ़ रहा है।
भाजपा नेत्रियों का कहना है कि कभी शांती का प्रदेश माना जाने वाले छत्तीसगढ़ में अब हिंदू बेटियों को निशाना बनाया जा रहा है। सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति में प्रदेश के बेटियों की सुरक्षा भी ताक पर रखी दी है। भाजपा नेत्रियों ने कांग्रेस पार्टी द्वारा आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर भी सवाल किया है।
आपको बता दें कि भानुप्रतापपुर निवासी एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव रुहाब मेमन को कालेज की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। रुहाब मेमन को भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए सह प्रभारी भी बनाया गया है।

# बिलासपुर की प्रियंका का भी श्रद्धा जैसा ही हाल

## शव को रखा 3 दिन तक दुकान में,फिर आरोपी का खुलासा

**बिलासपुर ,20 नवम्बर 2022(ए)।** बिलासपुर प्रियंका हत्याकांड से शहर में दहशत फैल गई है। हत्या के बाद आरोपी ने शव को 3 दिन तक अपने दुकान में रखा उसके बाद अपने कार से घर ले गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अरेस्ट कर लिया है। लेकिन अब इस मामले में नए-नए खुलासे सामने आ रहे हैं।



प्रियंका भिलाई से पीएससी की कोचिंग करने के लिए बिलासपुर गई थी। प्रियंका पैसे कमाने के अलग-अलग रास्ते खोजती रहती थी। प्रियंका की मौत का कारण पैसा ही है। शेयर बाजार के 15 लाख रुपए के विवाद में आरोपी ने उसे मौत के घाट उतार दिए।
छत्तीसगढ़ के भिलाई के सेक्टर 7 में रहने वाली प्रियंका सिंह ) बिलासपुर के एक इंस्टीट्यूट में पीएससी की तैयारी कर रही थी। इस बीच उसकी दोस्ती दयालबंद में सिटी फार्मेसी नाम से दवा दुकान चलाने वाले आशीष साहू से हुई। आशीष शुरू से ही शेयर बाजार में पैसे लगाकर मुनाफा कमा रहा था। वहीं, प्रियंका शुरू से ही पैसे कमाने की कोशिश में रहती थी। जिस कारण से उसने आशीष के साथ मिलकर शेयर बाजार में पैसे लगाना शुरू किया। उसने करीब 15 लाख रुपए शेयर बाजार में लगा दिए थे।

**मुंह में रुई रख गला दबाकर मार डाला**

कहा जा रहा है कि दोनों के प्रेम प्रसंग की भी चल रही थी। हालांकि आशीष की शादी 2020 में हो चुकी थी। प्रियंका ने अपने बचे हुए 11 लाख की मांग करने के लिए 15 नवंबर की दोपहर आशीष के दुकान में पहुंची थी। पैसे नहीं मिलने पर वह दुकान के बाहर जोर जोर से चिल्लाने लगी। जिसके बाद आशीष ने उसे दुकान के अंदर बुलाया और कहा बैठकर बातें करते हैं और दुकान का शटर बंद कर दिया।
आवाज दुकान के बाहर जाएगी तो लोग इकट्ठा हो जाएंगे इस डर से आरोपी आशीष ने पास में ही रखी रुई को उठाकर उसके मुह में दबा दिया। पैसे ना देने पड़े ऐसा सोच कर उसमें प्रियंका का गला दबाकर हत्या कर दी। 3 दिन तक वह उसकी लाश को दुकान में ही छुपा कर रखा था लेकिन फंसने के डर से उसे शनिवार तड़के सुबह खुद की कार में डालकर ठिकाने लगाने जा रहा था।

# राजधानी के फाइव स्टार होटल में चल रहा था देह व्यापार,पुलिस ने छापा मारकर एक रशियन सहित 3 युवतियों को पकड़ा,दलाल गिरफ्तार

**रायपुर,20 नवम्बर 2022 (ए)।** राजधानी रायपुर में पुलिस द्वारा पूर्व में की गई कार्रवाई के बावजूद अब भी बड़े पैमाने पर देह व्यापार का धंधा चल रहा है। पुलिस ने इस बार शहर के एक नामचीन होटल में छापा मार कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में बाहर से लड़कियों को बुलाकर देह व्यापर करने वाले दलाल को गिरफ्तार है।
पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ब्रोकर द्वारा देह व्यापार हेतु प्रदेश के बाहर से 3 लडकियां बुलाकर अग्रसेन धाम मोड़ स्थित व्ही डब्लयू कॉनयोन होटल में रुकवाया गया है। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, उप पुलिस अधीक्षक




आई.यू.सी.ए.डब्ल्यू. सुश्री ललिता मैहर एवं थाना प्रभारी तेलीबांधा को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। थाना तेलीबांधा पुलिस टीम द्वारा सूचना सही पाये जाने पर व्ही डब्लयू कॉनयोन होटल में जाकर चेक किया गया। चेकिंग कार्यवाही के दौरान 03 अलग-अलग कमरों में 03 युवतियां जिनमें से 01 युवती उज्बेकिस्तान (रशियन) तथा 02 महिला पंजाब की निवासी उपस्थित मिलेद्य युवतियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि एक दलाल द्वारा उन्हें होटल में बुलाकर देह व्यापार कराया जा रहा था
पुलिस ने आरोपी दलाल, टिकरापारा निवासी धरम उर्फ़ राहुल के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 727/22 धारा 4, 5, 7 पीटा एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है द्य आरोपी दलाल फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं व्ही डब्लयू कॉनयोन होटल के मैनेजर से भी पूछताछ की जा रही है।

**युवतियों को छोड़ा पुलिस ने**

गौरतलब कि उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली का आदेश है कि देह व्यापार के दौरान पकड़ी गई युवतियों और महिलाओं को पीड़ित माना जाये। इसी का पालन करते हुए युवतियों के विरूद्ध कार्यवाही नही की गई है तथा युवतियों को साक्ष्य सूची में शामिल कर उनका बयान लिया जा रहा है।

# अपराध-दुष्कर्म के मामलों में हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है छत्तीसगढ़ : बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर,20 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भिलाई की छात्रा की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस मामले पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कहा कि कांग्रेस शासन में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, अपराधियों में



कानून का जरा भी खौफ नहीं रहा। वहीं एक दूसरी घटना में कोरबा जिले की विवाहित महिला के साथ दिनदहाड़े घर में घुसकर रेप की कोशिश की वारदात को लेकर भी पूर्व मंत्री ने सरकार को घेरा। दरअसल इस घटना में महिला ने जब विरोध किया तो उसे मारा-पीटा गया। इस सारी घटना के बाद महिला ने शर्म के मारे जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश की। विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था चौपट है इसी वजह से हर दिन ऐसी घटनाएं घट रही है। प्रदेश की सरकार महिला दुष्कर्म के मामलों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।
वहीं, अबूझमाड़-ओरछा आश्रम की शालाओं से 4 आदिवासी छात्राओं के लापता होने की घटना पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी, कहा कि छात्राएं पिछले एक सप्ताह से लापता है, मगर शासन-प्रशासन इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है, अब तक उन बेटियों के बारे में किसी को कोई खबर नहीं है, न उन्हें खोजने के लिए गंभीरता से कोई सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

# चोरी की ट्रकों को बेचने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह पकड़ाया

### »आर.टी.ओ. एजेण्ट से मिलीभगत उजागर

**रायपुर,20 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ की पुलिस ने एक ऐसे अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है जो ट्रकों को किराये पर लेकर उनका फर्जी दस्तावेज तैयार कर, डेंटिंग पेंटिंग और चेचीस नंबर बदल कर बेच देता था। यह गिरोह नागालैण्ड, अरूणाचल प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के परिवहन विभाग के आर.टी.ओ. एजेण्ट से मिली भगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार किया करता था।

### गिरोह का ऐसे हुआ भंडाफोड़

ग्राम छिछोर, रतनपुरा, थाना हलधर, जिला मऊ, उत्तर प्रदेश निवासी प्रार्थी अनुज कुमार सिंह द्वारा थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह ट्रांसपोटिंग का व्यवसाय करता है। दिनांक 15 अक्टूबर को पटना, बिहार निवासी ट्रांसपोर्टर नागेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा प्रार्थी की ट्रक को 80,000/- रूपये प्रतिमाह किराया पर परिचालन करने का एग्रीमेन्ट कर वाहन का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसी दौरान 14 नवंबर की शाम किसी शेख मकसूद, निवासी बिलासपुर द्वारा प्रार्थी को फोन कर उसके ट्रक वाहन के संबंध में पूछा गया जिस पर प्रार्थी द्वारा ट्रक वाहन को ट्रांसपोर्टर एन.के. सिन्हा द्वारा किराये पर परिचालन करना बताया गया। शेख मकसूद द्वारा प्रार्थी को बताया गया कि भनपुरी स्थित यार्ड मालिक उपेन्द्र शर्मा उसे इस ट्रक को बेचने हेतु दिखाया है। शेख मकसूद द्वारा वाहन के दस्तावेज मांगने पर यार्ड मालिक उपेन्द्र शर्मा द्वारा आनाकानी की तब शेख मकसूद को शक होने पर ट्रक के चेचीस नम्बर से डिटेल निकालकर प्रार्थी को उसके द्वारा सूचित किया गया।

### बदल दिया था गाड़ी का पूरा हुलिया

इस सूचना पर प्रार्थी अनुज कुमार ने अगले दिन रायपुर आकर भनपुरी स्थित उपेन्द्र शर्मा के यार्ड जाकर देखा तो प्रार्थी के वाहन टाटा मोटर्स क्रमांक यू पी 54 टी 9806 का डेंटिंग पेटिंग कर गाड़ी का हुलिया ही बदल दिया गया था, वाहन के डाला को काटकर लगभग आधा कर दिया गया था, नंबर प्लेट बदल दिया गया था एवं वाहन के चेचिस नम्बर से छेड़खानी व कूटरचित करते हुए उसे भी बदल दिया गया था। प्रार्थी के द्वारा उक्त वाहन के गाड़ी के टायर, केबिन, पीछे के डाला, रेडियम इत्यादि को देखकर अपनी गाड़ी का पहचान किया गया।

### किसी और से खरीदी थी ट्रक

प्रार्थी अनुज कुमार द्वारा इस वाहन के संबंध मे यार्ड मालिक उपेन्द्र शर्मा से पूछताछ करने पर यार्ड मालिक उपेन्द्र शर्मा द्वारा ट्रक वाहन को गाड़ी को अशोक अग्रवाल, सुब्बू काजी उर्फ सोनू खान से खरीदना बताया। इस प्रकार ट्रांसपोर्टर नागेन्द्र कुमार सिन्हा, भनपुरी स्थित यार्ड मालिक उपेन्द्र शर्मा, अशोक अग्रवाल, सुब्बू काजी उर्फ सोनू खान द्वारा षडयंत्र कर कूटरचित कर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी किया गया है, इस रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 988/22 धारा 406,





420, 467, 468, 471, 120बी भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### अंतर्राज्यीय गिरोह का हुआ खुलासा

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्स्क प्रशांत अग्रवाल ने एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना खमतराई पुलिस की एक विशेष टीम गठित करने का निर्देश दिया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, शेख मकसूद एवं संबंधित अन्य व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के द्वारा सबसे पहले आरोपी उपेन्द्र शर्मा और अशोक अग्रवाल को भी हिरासत में लिया जाकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। उपेन्द्र द्वारा बताया गया कि वह अशोक अग्रवाल, शाहाबुद्दीन, काजी उर्फ सब्बू काजी उर्फ सोनू खान एवं अन्य उनके साथीगणों के साथ मिलकर चोरी व फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर सस्ते में बेचे जाने वाले 06 चक्का, 12 चक्का एवं 14 चक्का ट्रकों को खरीद कर आर.टी.ओ. एजेण्ट से मिली भगत कर उन ट्रकों का छत्तीसगढ़ में रजिस्ट्रेशन कराकर यहां के स्थानीय ट्रांसपोटर्स को विक्रय कर बहुत अधिक लाभ अर्जित किया जाता था।

### दूसरे राज्यों से लाया करते थे ट्रक

आरोपियों ने बताया कि इन ट्रकों को वे मुजफ्फरपुर बिहार के कुछ बड़े ट्रांसपोटर्स, एजेण्टों व दलालों के माध्यम से खरीदते थे। मुजफ्फरपुर बिहार के ट्रांसपोटर्स व दलाल के द्वारा ट्रकों को उत्तर प्रदेष व बिहार के ट्रक मालिकों से लीज पर ली जाकर एवं कुछ चोरी के ट्रको का महाराष्ट्, बिहार व छत्तीसगढ़ के ट्रक के चेचीस नम्बर बदलने मे माहिर व्यक्तियों के द्वारा नम्बर बदलवाया जाता था। जिसके बाद नागालैण्ड, अरूणाचल प्रदेश, बिहार व उत्तर प्रदेश के स्थानीय आर.टी.ओ. एजेण्ट के माध्यम से ट्रक वाहनों का फर्जी दस्तावेज तैयार किया जाता था और उक्त ट्रकों को छत्तीसगढ़ व आस-पास के प्रदेशों के आर.टी.ओं. में रजिस्ट्रेशन कराकर छत्तीसगढ़ लाकर ट्रक के बॉडी में परिवर्तन कर, डेंटिंग पेटिंग कर उसका हुलिया बदलकर तथा आर.टी.ओं. में नाम ट्रांसफर करा कर यहां के स्थानीय ट्रांसपोटर्स को बेचा जाता था।

### आर.टी.ओ. एजेण्ट था अशोक अग्रवाल

इस काम के लिये पूर्व में परिवहन विभाग में आर.टी.ओ. एजेण्ट के रूप में कार्यरत अशोक अग्रवाल के माध्यम से पूर्ण दस्तावेज तैयार कराया जाता था।

### देशभर में कई गिरोह हैं सक्रिय, करोड़ों की ट्रकें बरामद

उक्त ट्रको के व्यापक फर्जीवाड़ा पर टीम के द्वारा गहराई से जांच करने पर पता चला कि आरोपीगण के अलावा भी बहुत से समूह है जो बिहार, उत्तर प्रदेष व अन्य राज्यों से ट्रक लाकर छत्तीसगढ़ व अन्य सरहदी राज्यों में खपा रहे हैं। इस मामले में सघन पतासाजी करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी सत्येन्द्र सिंह, शाहाबुद्दीन अहमद काजी उर्फ सब्बू काजी उर्फ सोनू खान, राजेश यदु उर्फ ओम प्रकाश व अन्य आरोपियों को पकड़ा गया तथा उनके बताये आधार पर 20 से अधिक ट्रकों को जप्त किया गया है। ट्रकों की कुल कीमत 5,20,00,000/- (पांच करोड़ बीस लाख रूपये) से भी अधिक बताई गई है। पुलिस द्वारा इस प्रकार और भी वाहनों को फर्जी तरिके से बेचे जाने की सूचना पर टीम के द्वारा खोजबीन की जा रही है तथा मामले में लिप्त अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

### इस मामले में गिरफ्तार आरोपीगण

उपेन्द्र शर्मा पिता रामनाथ शर्मा उम्र 43 साल निवासी कृषक नगर जोरा थाना तेलीबांधा जिला रायपुर ।
अषोक अग्रवाल पिता हरीषचंद्र अग्रवाल उम्र 65 साल निवासी वसुंधरा नगर भिलाई थाना भिलाई 03 जिला दुर्ग ।
शाहाबुद्दीन अहमद काजी उर्फ सब्बू काजी उर्फ सोनू खान पिता महरूम डॉक्टर सईउद्दीन काजी उम्र 44 साल निवासी रजा मस्जिद के सामने स्टेषन पारा वार्ड नं. 13 महासमुंद।
राजेष यदु उर्फ ओमप्रकाष पिता बलदाउ राम यदु उम्र 40 साल निवासी आजाद मार्केट, अंगोरी बार के पीछे भिलाई जिला दुर्ग।
नारायण दास रोहरा पिता टिह्लू मल रोहरा उम्र 61 साल निवासी सेक्टर 04 देवेन्द्र नगर थाना देवेन्द्र नगर जिला रायपुर।
सत्येन्द्र कुमार पिता एकनाथ सिंह उम्र 42 साल निवासी यादव नगर गली नं. 01 भगवानपुर थाना लहर जिला मुजफ्फरपुर बिहार।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)